दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शुक्रवार 07 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 319 पेज - 08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## पहले चरण में रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग

# बिहार विधानसभा चुनाव : 121 सीटों पर शाम 5 बजे तक 64% मतदान




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में 6 नवंबर को औसतन 64 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74%, सहरसा में 62.65%, दरभंगा में 58.38%, मुजफ्फरपुर में 65.23%, गोपालगंज में 64.96%, सीवान में 57.41%, सारण में 60.90%, वैशाली में 59.45%, समस्तीपुर में 66.65%, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32%, खगड़िया में 60.65%, मुंगेर में 54.90%, लखीसराय में 62.76%, शेखपुरा में न्यूनतम 52.36%, नालंदा में 57.58%, पटना में 55.02%, भोजपुर में 53.24% और बक्सर में 55.10% मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक बेगूसराय में और सबसे कम पटना में मतदान हुआ।

**पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने लगाए गंभीर आरोप :** मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जमालपुर के जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार के घर पुलिस पहुंची, उनके साथ मारपीट कर थाने ले गई। शैलेश कुमार का आरोप है कि पुलिस ने उनके कई समर्थकों को बिना किसी कारण हिरासत में लिया और दुर्व्यवहार किया।

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की जा रही है ताकि उनके चुनाव अभियान को कमजोर किया जा सके। पूर्व मंत्री ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिले की तारापुर, जमालपुर और मुंगेर विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण और सामान्य रूप से जारी है।

**राजद एमएलसी और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के बीच भिड़ंत :** लखीसराय में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और राजद एमएलसी के बीच तकरार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। विजय सिन्हा में कहा कि राजद एमएलसी ने शराब पी ली है। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं।

वहीं एमएलसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि रात में इनको पैसा बांटने नहीं दिया गया। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके लोगों ने हमारी गाड़ी रोकी और गुंडागर्दी पर उतर आए। वह चुनाव हार गए इसलिए बौखला गए हैं। विजय सिन्हा का चैप्टर बंद हो चुका है। उन पर हमला नहीं हुआ। वो कई दिनों से ये नाटक रचने का प्रयास कर रहे थे।

**बुर्का हटाने कहा तो हुआ जमकर विरोध :** सीवान के गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नवीगंज प्रखंड स्थित बूथ संख्या 349 और 350 लकड़ी मकतब पर भाजपा प्रत्याशी देवेशकांत सिंह के पहुंचने पर विवाद हो गया।

## क्या बोर्ड बैठक से पहले निगम में होगी कार्यकारिणी की बैठक

# बोर्ड बैठक में उठेगा विकास का मुद्दा तो कार्यकारिणी में आयेगा उपाध्यक्ष चुनाव का पेंच



फाइल फोटो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। भले ही उत्तर प्रदेश में सरकार भाजपा की है। भले ही निगम के सदन में बहुमत भाजपा का है। लेकिन इन सबके बावजूद विरोध का बिगुल भाजपा वालों के यहां से ही बजता है। निगम ने कई वार्डों में विकास कराया है। अब सड़कों के गड्ढे भरे जा रहे हैं सड़कों पर पेच वर्क हो रहा है। लेकिन बताया ये जाता है कि निगम पार्षदों को विकास के इस मॉडल से नाराजगी है। वो ये कह रहे है कि उनके वार्डों में विकास नहीं हो रहा है और इसके लिए उन्हें ये कहा गया है कि अभी फंड नहीं है। पार्षद ये चाहते हैं कि निगम बोर्ड की बैठक करायी जाये और निगम की बोर्ड में पार्षद अपने अपने वार्ड के विकास का पूरा रिपोर्ट कार्ड रखेंगे। वो ये मांग उठाने वाले है और अब मांग से पहले ही ये बात उठ गई है कि क्या निगम की बोर्ड बैठक पहले होगी या बोर्ड बैठक से पहले नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक होगी। विकास का मैटर है और विकास को लेकर जो सीन चल रहा है वो ये है कि मेयर रोजाना लगभग चार करोड़ रूपये के विकास कार्यों पर नारियल फोड रहीं हैं। तस्वीरों में मेयर के चेहरे पर स्माईल है और पता चल रहा है कि विकास का अपना स्टाईल है। लेकिन पार्षद ये कह रहे हैं कि नगर निगम एक्ट के हिसाब से चलेगा और नगर निगम का एक्ट ये कहता है कि विकास का मॉडल कोई भी हो उस पर पहले कार्यकारिणी की सहमति की मुहर लगती है और फिर बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद ही विकास इम्पलीमेंट होता है। चर्चा अब ये चल रही है कि बोर्ड बैठक से पहले तो कार्यकारिणी की बैठक होगी। क्योंकि नगर निगम कार्यकारिणी अपनी सहमति न दे दे तब तक बजट बैठक नहीं हो सकती। बजट के प्रस्तावों पर मुहर नहीं लग सकती। क्योंकि कार्यकारिणी का फैसला ही बोर्ड बैठक में आता है। पार्षद बोर्ड बैठक की मांग करने जा रहे हैं। इन सबके बीच अब चर्चा ये चल रही है कि निगम में बोर्ड बैठक पहले होगी या कार्यकारिणी बैठक पहले होगी। एक्ट के अनुसार पहले कार्यकारिणी की बैठक होगी। निगम सूत्र बताते हैं कि अगर कार्यकारिणी की बैठक पहले होती तो यहां निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के चुनाव का मुद्दा उठेगा। कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष के चुनाव का एजेंडा आयेगा और तकनीकी रूप से बैठक भी जरूरी है और बैठक में अगर उपाध्यक्ष वाला पेंच फंसा तो यहां पहले उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। सूत्र बताते हैं कि बैठक चाहे कार्यकारिणी की हो या बोर्ड की हो मगर सीन रोचक होने वाला है।

# बिहार विधानसभा चुनावों में गूंज रही है गाजियाबाद की भगवा आवाज
# मंत्री से लेकर पूर्व सांसद ने दी गारंटी और कहा बन रही है हमारी सरकार




## विपक्ष के विधायक और पूर्व एमएलसी बोले गठबंधन जीत रहा है चुनाव

गाजियाबाद, करंट क्राइम। बिहार विधानसभा चुनाव शुरू हो गया है और बिहार चुनाव का असर उत्तर प्रदेश की राजनीति पर पड़ता है। वैसे भी बिहार और यूपी के बीच इतनी समानता है और आबादी इतनी रिमिक्स है कि बिहार की राजनीति में यूपी इफैक्ट दिखाई देता है। बिहार में चुनाव है और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव वहां प्रचार में है। भाजपा के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप चुनावी प्रचार में है। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल प्रचार में है। अन्य विधायक और सांसद भी यहां जुटे हुए हैं।

मतदान के पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण के मतदान और यहां जनता के रूझान को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने गाजियाबाद के उन जनप्रतिनिधियों से बात की जो विधानसभा में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सभी ने अपनी अपनी जीत के दावे किये। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दावा किया कि 200 प्रतिशत एनडीए की सरकार बन रही है तो सपा विधायक आशु मलिक ने कहा कि 100 प्रतिशत यहां गठबंधन सरकार बनने जा रही है।

## मैं दे रहा हूं गारंटी 200 प्रतिशत बनेगी बिहार में एनडीए सरकार : नरेन्द्र कश्यप



करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप बिहार के मोतीहारी इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत 60 प्रतिशत गया है। उन्होंने कहा कि मतदान का ये बढ़ता प्रतिशत दो कारणों से है। एक तो एसआईआर के बाद वास्तविक मतदाता आया है और फेक वोटर घटे हैं।

इसके इफैक्ट दिखाई दे रहे हैं। दूसरा कारण ये है कि जब तक अन्य राजनीतिक दल बिहार की चुनावी हवा को समझ पाते तब तक हमारी पार्टी ने चुनाव में अपना कैम्पेन पूरा किया। नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि निश्चित रूप से रूझान एनडीए गठबंधन के पक्ष में है। बिहार चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि जिस तरह से हरियाणा-दिल्ली में हम जीते हैं उसी तर्ज पर भाजपा यहां भी आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा अभी तक का जो माहौल दिखाई दे रहा है उससे लग रहा है कि भाजपा 75 से 80 सीट जीतेगी। नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि वह 14 अक्टूबर से बिहार में प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं 200 प्रतिशत गारंटी दे रहा हूं कि बिहार में भाजपा गठबंधन यानी एनडीए सरकार बनायेगा।




## बिहार में जनता करने जा रही है भारी परिवर्तन, जीतेगा गठबंधन : आशु मलिक



**करंट क्राइम।** सहारनपुर विधायक, सपा नेता आशु मलिक भी बिहार में हैं। वो चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो चुनावी हवा चल रही है उसे देखकर मैं कह सकता हूं कि यहां अभी तक गठबंधन चल रहा है।

तेजस्वी यादव आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बिहार पहुंचने से भी माहौल बदला है। आशु मलिक ने दावा कि महागठबंधन को जनता का समर्थन मिल रहा है। यहां हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मेहनत रंग लाई है। सबसे खास बात ये है कि लोगों के बीच उत्साह है और यहां जनता का जोश बता रहा है कि वो परिवर्तन करने जा रही है।

बिहार में परिवर्तन होने जा रहा है। यहां पर प्रचंड बहुमत की सरकार गठबंधन बनायेगा। पहले चरण के मतदान ने गठबंधन का हौलसा बढ़ा दिया है। लोगों ने गठबंधन में भरोसा जताया है और परिवर्तन की लहर चल रही है।

## 100 प्रतिशत देता हूं गारंटी, बिहार में बनेगी एनडीए सरकार : अनिल अग्रवाल



**करंट क्राइम।** पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल बिहार के चुनाव प्रचार में हैं। उन्होंने रूझान को लेकर कहा कि इस बार मतदाता रूचि ले रहे हैं और वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है। पूर्व राज्यसभा अनिल अग्रवाल ने दावा किया कि 100 प्रतिशत यहां भाजपा गठबंधन चुनाव जीत रहा है और उन्होंने गारंटी लेते हुए कहा कि 100 प्रतिशत बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। अनिल अग्रवाल ने दावा किया कि यहां पर मतदाता ने भाजपा के विकास मॉडल को सराहा है।

## 100 प्रतिशत बनेगी बिहार में गठबंधन वाली तेजस्वी सरकार : राकेश यादव



**करंट क्राइम।** पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने बिहार चुनाव को लेकर कहा कि ऐसा स्पष्ट लग रहा है कि बिहार चुनाव में महागठबंधन को जीत मिलेगी। उन्होंने भी कहा कि जनता बदलाव के मूड में है। हालांकि उन्होंने ये कहा कि सत्ताधारी दल येन-केन-प्रकारेण सभी हतकंडे अपनायेगा। कई स्थानों पर लोगों को भ्रमित करने का काम भी चल रहा है। राकेश यादव ने कहा कि पहले चरण में महागठबंधन को 90 प्रतिशत विजय मिलेगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन यहां 100 प्रतिशत सरकार बनायेगा। यहां पर तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बहुत बड़ा प्रभाव इस चुनाव पर पड़ेगा।

## मंत्री जी को पसंद आई परमल की सब्जी और पूर्व सांसद को भाया है बिहार का सत्तू

करंट क्राइम। अपना प्रदेश छोड़कर दूसरे प्रदेश में डेरा डाल कर चुनाव प्रचार हो रहा है। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप 14 अक्टूबर से बिहार में ही हैं। इतने दिनों तक घर से दूर और भोजन को लेकर जब उनसे बात हुई तो उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्र सामने हो तो घर छोटा हो जाता है और व्यक्ति से बड़ा दल होता है और दल से बड़ा राष्ट्र होता है। उन्होंने कहा कि नींद भी सुकून से आ रही है और भोजन को लेकर उन्होंने बताया कि वैसे तो मैं सामान्य भोजन करता हूं और अभी भोजन में खिचड़ी मंगाई है। बिहार में रहकर बिहार के भोजन पर उन्होंने कहा कि यहां पर आलू परमल की सब्जी मुझे बहुत पसंद आई है। वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल से नींद को लेकर बात हुई तो उन्होंने कहा कि पूरा दिन जब सड़क पर प्रचार करते हैं तो रात को बढ़िया नींद आती है। भोजन की पसंद पर उन्होंने कहा कि मैं सामान्य भोजन करता हूं लेकिन बिहार में यहां का सत्तू बहुत पसंद आया है। सत्तू वास्तव में एक बढ़िया भोजन कहा जा सकता है।

### जनता ने मोदी-नीतीश की जोड़ी पर भरोसा जताया : आशु वर्मा



करंट क्राइम। पूर्व मेयर आशु वर्मा ने कहा कि पहले चरण में लोगों का जोश और मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें इस बात का संकेत हैं कि जनता का झुकाव पूरी तरह एनडीए के पक्ष में है। बिहार की जनता विकास चाहती है, और उसे पता है कि विकास केवल एनडीए के शासन में संभव है।

### बिहार ने कहा, काम बोलेगा, नारे नहीं : अनिल अग्रवाल साँवरिया



करंट क्राइम। अनिल अग्रवाल साँवरिया ने कहा कि जनता अब समझ चुकी है कि कौन सिर्फ नारे देता है और कौन धरातल पर काम करता है। एनडीए की सरकार ने जनता को विकास का अनुभव दिया है। पहले चरण के मतदान में लोगों ने विपक्ष के भ्रम को नकारते हुए स्पष्ट संदेश दिया है — बिहार अब पीछे नहीं जाएगा।

### एनडीए की योजनाओं ने बदली बिहार की तस्वीर : प्रशांत चौधरी



करंट क्राइम। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं — जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, और सड़क व शिक्षा के क्षेत्र में हुए कार्य — ने आम आदमी का जीवन बदला है।

### युवाओं ने एनडीए के विजन को अपनाया : पवन मावी



करंट क्राइम। पवन मावी ने कहा कि बिहार के युवाओं में प्रधानमंत्री मोदी का विजन गूंज रहा है। पहले चरण का मतदान युवाओं का भरोसा दिखाता है। एनडीए ने रोजगार, शिक्षा और उद्यमिता को दिशा दी — इसलिए आज युवा परिवर्तन नहीं, स्थिरता चाहते हैं।

### सभी ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया : प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम। प्रवीण चौधरी ने कहा कि पहले चरण में युवाओं और महिलाओं का वोट प्रतिशत उम्मीद से कहीं अधिक रहा। प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, युवाओं को अवसर दिए — और यही वजह है कि बिहार की जनता अब काम करने वाली सरकार चाहती है।

### बिहार की जनता ने विपक्ष को नकारा: विभु बंसल



करंट क्राइम। विभु बंसल ने कहा कि बिहार की जनता अब भ्रम और झूठे वादों से तंग आ चुकी है। लोगों ने देखा है कि कैसे एनडीए सरकार ने गाँव-गाँव तक बिजली, सड़क और पानी पहुँचाया।

### जनता ने विकास को प्राथमिकता दी : नितिन मावी



करंट क्राइम। नितिन मावी ने कहा कि बिहार में जनता अब योजनाओं के परिणाम देखकर मतदान कर रही है। पहले चरण का मतदान साफ संकेत है कि लोगों ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है।

### एनडीए की प्रचंड जीत तय : गोपाल अग्रवाल



करंट क्राइम। गोपाल अग्रवाल ने कहा कि पहले चरण की वोटिंग में जनता ने उम्मीद से अधिक समर्थन दिया है। बिहार की जनता ने केंद्र की नीतियों और राज्य की स्थिरता पर भरोसा जताया है।

# स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल हुआ नमो भारत कॉरिडोर से प्रभावित – कहा, 'भारत ने रचा भविष्य की यात्रा का मॉडल'
# गाजियाबाद के दुहाई डिपो से लेकर आनंद विहार तक देखा टेक्नोलॉजी, रफ़्तार और व्यवस्था का संगम

### गतिशक्ति भवन (एनसीआरटीसी मुख्यालय) में हुआ तकनीकी संवाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के सबसे आधुनिक रेल नेटवर्क नमो भारत कॉरिडोर ने गुरुवार को स्पेन से आए एक उच्च-स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल को अपना कायल बना दिया।

गाजियाबाद के दुहाई स्थित अत्याधुनिक डिपो से शुरू हुए इस विशेष दौरे में स्पेनिश प्रतिनिधियों ने ट्रेन के रखरखाव, परिचालन और यात्री सुविधाओं की बारीकी से जानकारी ली। एनसीआरटीसी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम) के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें बताया कि कैसे यह परियोजना न सिर्फ दिल्ली-एनसीआर की यात्रा को तेज बना रही है, बल्कि भारत के भविष्य के शहरी परिवहन मॉडल की झलक भी पेश कर रही है।

**दुहाई से आनंद विहार तक स्पेनिश प्रतिनिधियों ने किया अनुभव — 'विश्व स्तरीय और यात्री-केंद्रित व्यवस्था' :** प्रतिनिधिमंडल दुहाई डिपो से नमो भारत ट्रेन में सवार होकर पूरे कॉरिडोर का अनुभव किया।

स्टेशन पर उतरते ही उन्हें ट्रेन के स्मार्ट डिजाइन, साइलेंट राइड, आधुनिक कोच इंटीरियर और सटीक टाइमिंग ने प्रभावित कर दिया।

आनंद विहार स्टेशन पर उन्होंने एनसीआरटीसी की मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन पहल को नजदीक से देखा – जहाँ मेट्रो, बस और अन्य सार्वजनिक साधनों को एक ही नेटवर्क से जोड़ा गया है, ताकि यात्रियों को 'एक क्लिक में यात्रा' का अनुभव मिले। दौरे के अंत में प्रतिनिधिमंडल गतिशक्ति भवन (एनसीआरटीसी मुख्यालय) पहुँचा, जहाँ प्रबंध निदेशक शलभ गोयल और उनकी टीम ने उनका स्वागत किया। एनसीआरटीसी अधिकारियों ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन में बताया कि कैसे नमो भारत ने 'भारत की पारंपरिक रेल व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और हरित गतिशीलता के नए युग में प्रवेश दिलाया है।' स्पेनिश प्रतिनिधियों ने एनसीआरटीसी के नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण और संचालन की पारदर्शिता की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 'नमो भारत कॉरिडोर सिर्फ एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि भविष्य की टिकाऊ यात्रा संस्कृति का प्रतीक है।'

### भारत की नई पहचान: गति, तकनीक और विश्वास

करंट क्राइम। पूरे दौरे के दौरान स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना में दिखे सुरक्षा मानकों, डिजिटल मॉनिटरिंग, रखरखाव प्रणाली और पर्यावरण-संवेदनशील दृष्टिकोण की सराहना की। नमो भारत का यह सफर अब न सिर्फ भारत, बल्कि दुनिया के लिए भी सस्टेनेबल अर्बन मोबिलिटी का प्रेरक मॉडल बनता जा रहा है —जहाँ गति में अनुशासन और टेक्नोलॉजी में भारतीय सोच एक साथ दौड़ती है।

## बिहार चुनाव वोटिंग के बीच अररिया से पीएम मोदी की हुंकार

# बोले- जंगलराज ने बिहार की पूरी एक पीढ़ी को बर्बाद कर दिया




**अररिया।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दिन पीएम मोदी ने अररिया के फारबिसगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार को विकसित बनाने के लिए पहले चरण का वोट डाला जा रहा है। सोशल मीडिया पर बिहार के अलग-अलग कोनों से शानदार तस्वीरें आ रही हैं। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लगी हुई हैं। माताएं, बहनें और बेटियां वोट देने के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकल रही हैं। बिहार के नौजवानों में भी अभूतपूर्व उत्साह है। मैं सभी मतदाताओं का अभिनंदन करता हूं। वहीं इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि लेकिन, ये आरजेडी और कांग्रेस वाले घुसपैठियों को बचाने में जुटे हैं। ये घुसपैठियों को बचाने के लिए भांति-भांति के झूठ फैलाते हैं, लोगों को गुमराह करने के लिए राजनीतिक यात्राएं निकालते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरे बिहार से एक ही आवाज आ रही है- फिर एक बार एनडीए सरकार, फिर एक बार सुशासन की सरकार। बिहार की इसी भावना के पीछे माताओं, बहनों की उम्मीदें और नौजवानों के सपने हैं। नौजवानों, मोदी की यह गारंटी लिख कर रखो झ आपका सपना ही, मोदी का संकल्प है। जंगलराज वाले खुद को आपका माई-बाप कहते थे, अपने आप को शहंशाह मानते थे। लेकिन, ये तो मोदी है- मेरे माई-बाप तो आप जनता-जनार्दन हैं, आप ही मेरे मालिक हैं, आप ही मेरा रिमोट कंट्रोल हैं।

**'आपका सपना मोदी का संकल्प है'**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं आपको आपके वोट की ताकत बताता हूं। आपके दादा-दादी, नाना-नानी के एक वोट ने बिहार को सामाजिक न्याय की भूमि बनाया था। लेकिन, फिर 90 का दशक आया और बिहार पर आरजेडी के जंगलराज ने हमला कर दिया। जंगलराज मतलब झ कट्टा, क्रूरता, कटुता, कु-संस्कार, करप्शन और कुशासन। ये जंगलराज की पहचान बन गए और यह बिहार का दुर्भाग्य बन गया। आपके माता-पिता के सपने कुचल दिए गए।

### 'जंगलराज के दौरान बिहार में हुए विकास का रिपोर्ट कार्ड जीरो'

पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज के दौरान बिहार में हुए विकास का रिपोर्ट कार्ड जीरो है। 1990 से लेकर 2005 तक 15 साल, इस जंगलराज ने बिहार को तबाह कर दिया। सरकार चलाने के नाम पर तब सिर्फ आपको लूटा गया। 15 साल के जंगलराज में बिहार में कितने एक्सप्रेस वे बने झ जीरो, 15 साल के जंगलराज में बिहार में कोसी नदी पर कितने पुल बने झ जीरो, 15 साल के जंगलराज में बिहार में कितने टूरिस्ट सर्किट विकसित हुए- जीरो, 15 साल के जंगलराज में बिहार में मेरे नौजवानों और बेटियों के खेल-कूद के लिए कितने स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स बने- जीरो, 15 साल के जंगलराज में बिहार में कितने मेडिकल कॉलेज बने- जीरो।

# बिहार में बवाल : डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के काफिले पर चप्पलें फेंकीं

## सिन्हा बोले- राजद के गुंडों की छाती पर बुलडोजर चलेगा

**लखीसराय में चुनाव प्रचार के दौरान डिप्टी सीएम और भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार सिन्हा की गाड़ी को घेरने, चप्पलें फेंकने और ह्यमुदार्बादह्न के नारे लगाने का मामला सामने आया है। मौके पर मौजूद पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति संभाली। इस घटना का आरोप राजद समर्थकों पर लगा है।**






**लखीसराय/पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच बुधवार को लखीसराय विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के काफिले को घेरने, चप्पलें फेंकने और ह्यमुदार्बादह्न के नारे लगाने का मामला सामने आया है। इसका आरोप राजद समर्थकों पर लगा है। कहा जा रहा है कि मौके पर मौजूद समर्थकों ने ह्यविजय कुमार सिन्हा मुदार्बादह्न के नारे लगाए और चप्पलें फेंककर विरोध जताया।

जानकारी के मुताबिक, घटना के समय सिन्हा चुनाव प्रचार के लिए इलाके से गुजर रहे थे। आरोप है कि इसी समय राजद समर्थकों ने उनकी गाड़ी को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। मौके पर पुलिस बल मौजूद था, जिसने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भीड़ को वहां से हटाया। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि स्थिति अब सामान्य है और मामले की जांच की जा रही है।

वहीं, इस घटना को लेकर उपमुख्यमंत्री और लखीसराय निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा ने बयान दिया है कि भीड़ में राजद के गुंडे हैं। गुंडे मुझे गांव में जाने नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मेरे पोलिंग एजेंट को भगा दिया और उसे वोट नहीं देने दिया है। खुड़ियारी गांव के 404 और 405 बूथ नंबर हैं। सिन्हा ने आगे यह भी कहा कि उनको पता है कि एनडीए सत्ता में आ रही है इसलिए उनकी छाती पर बुलडोजर चलेगा।

### गांव में बूथ कैप्चरिंग की सूचना पर एसपी पहुंचे थे

लखीसराय जिले के हलसी प्रखंड के खुड़ियारी गांव स्थित बूथ संख्या 404 और 405 पर बूथ कैप्चरिंग की सूचना मिलने पर एसपी अजय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेते हुए मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। सुरक्षा बलों ने गांव में फ्लैग मार्च कर लोगों में विश्वास बहाल किया।

# मतदान के पहले चरण में नेताओं का उत्साह चरम पर

## लालूप्रसाद यादव, राबड़ी देवी और परिवार के अन्य सदस्यों और सीएम नीतीश ने किया मतदान





**मतदान के लिए पहुंचीं पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी ने कहा- 'मेरी शुभकामनाएं दोनों बेटों के साथ हैं। तेजप्रताप अपने दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। मैं उनकी मां हूं, दोनों को शुभकामनाएं देती हूं।'**

**पटना।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान सुबह राजद नेता और इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने परिवार के साथ मतदान किया।

उनके साथ राजद सुप्रीमो लालूप्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और परिवार के अन्य सदस्य भी मतदान केंद्र पहुंचे।

पटना के वेटरनरी कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर यादव और उनके परिवार ने मतदान किया। वोट डालने के बाद उन्होंने लोगों से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

मतदान के लिए पहुंचीं पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी ने कहा- 'मेरी शुभकामनाएं दोनों बेटों के साथ हैं। तेजप्रताप अपने दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। मैं उनकी मां हूं, दोनों को शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं बिहार की जनता से अपील करती हूं कि वे बाहर निकलकर मतदान करें और अपने वोट के अधिकार का जरूर इस्तेमाल करें।

इसी बीच उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और जेडीयू नेता राजीव रंजन सिंह ललन ने भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाला।

वहीं गायक से नेता बने राजद प्रत्याशी खेसारीलाल यादव ने सारण जिले के एकमा में मतदान किया। इधर जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महुआ विधानसभा से प्रत्याशी तेजप्रताप यादव ने पटना में मतदान किया। उन्होंने वोट डालने के बाद कहा कि हर व्यक्ति को मतदान करना चाहिए क्योंकि हर वोट कीमती है। तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्या ने भरोसा जताया कि इस बार बिहार की जनता डबल इंजन सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

# पहले चरण में कई मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर जनता कर रही इनके भाग्य का फैसला

**बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सरकार में मंत्री बनाए गए कई नेताओं का भाग्य ईवीएम में बंद हो जाएगा। इनमें से दो सम्राट चौधरी और मंगल पांडेय अब तक विधान परिषद सदस्य हैं। बाकी 14 मंत्री मौजूदा विधायक हैं।**







**पटना।** बिहार में पहले चरण में 115 विधानसभा क्षेत्र के 45341 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग शुरू हो गई। छह विधानसभा क्षेत्रों के 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से पांच बजे तक ही वोटिंग जारी है। पहले चरण में कई मंत्रियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएगा।

सहरसा जिले की सोनवर्षा सीट से जदयू के रत्नेश सदा के सामने कांग्रेस की सरिता देवी चुनाव मैदान में हैं। इस आरक्षित सीट पर जनसुराज ने भी दुसाध जाति के रिटायर्ड टीचर सत्येन्द्र हाजरा को उतारा है।

दरभंगा (सदर) से भाजपा के संजय सरावगी के सामने विकासशील इंसान पार्टी के उमेश सहनी हैं। वह मुकेश सहनी की जाति से हैं, यानी मल्लाह हैं। जन सुराज से रिटायर्ड आईजी आरके मिश्रा मैदान में हैं। प्लुरल्स पार्टी की पुष्पम प्रिया चौधरी मैदान में हैं। भितरघात से लड़ना ही बड़ी चुनौती है।

जाले से भाजपा के जिवेश कुमार के सामने कांग्रेस के ऋषि मिश्रा मैदान में हैं। यह राजद में थे और अंतिम समय में कांग्रेस का टिकट लेकर उतरे हैं। पिछली बार कांग्रेस के प्रत्याशी रहे मशकूर अहमद रहमानी इस बार निर्दलीय मैदान में हैं। मुस्लिम वोट पर सबकुछ निर्भर करता है। जनसुराज ने लोहार जाति के रंजीत शर्मा को चुनाव में उतारा है।

कुढ़नी से भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता के सामने राष्ट्रीय जनता दल के बबलू कुशवाहा उतारे गए हैं। जनसुराज ने यहां से मोहम्मद अली इरफान को मैदान में उतारा है।

साहेबगंज से भाजपा के राजू कुमार सिंह के सामने राष्ट्रीय जनता दल के पृथ्वी राय मैदान में हैं। भाजपा को नुकसान पहुंचाने के लिए जनसुराज ने यहां राजपूत जाति से ठाकुर हरिकिशोर सिंह को उतारा है।

सीवान से भाजपा के मंगल पांडेय के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने अवध बिहारी चौधरी को उतारा है। अवध बिहारी चौधरी महागठबंधन सरकार के समय विधानसभा अध्यक्ष भी रहे थे। यहां जन सुराज ने भाजपा को राहत दी है। राजद-कांग्रेस के कोर वोट बैंक मुस्लिम धर्म के शेख वर्ग से बिजनेसमैन इंतकाब अहमद को उतारा गया है।

लखीसराय से भाजपा के विजय कुमार सिन्हा के सामने कांग्रेस के अमरेश कुमार अनीष मैदान में हैं। भाजपा के कोर वोटर को ध्यान में रखते हुए जन सुराज ने यहां भूमिहार वर्ग के शिक्षाविद् सूरज कुमार को टिकट दिया है।

तारापुर से भाजपा के सम्राट चौधरी के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने अरुण साह को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर जन सुराज का निशाना भाजपा के कोर वोटर हैं, इसलिए उसने राजपूत चिकित्सक को मैदान में उतारा है। डॉ. संतोष सिंह यहां सम्राट चौधरी और अरुण साह से मुकाबिल हैं।

# कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्र के गांव में क्यों हुआ वोट का बहिष्कार

**मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया है। हालांकि, ग्रामीणों ने पहले भी चेतावनी दी थी, लेकिन प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया। जब आज मतदान की बारी आई तो मतदान केंद्र पर सन्नाटा है। मतदान कर्मी राह देख रहे हैं।**

## सड़क नहीं तो वोट नहीं : ग्रामीण



**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जहां एक ओर मतदान चल रहा है। हर तरफ से मतदाताओं के वोट करने की खबरें आ रही हैं।

वहीं, दूसरी ओर दरभंगा के कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्र से वोट न करने का मामला सामने आया है। सुघराइन गांव में मतदाताओं ने नाराजगी के चलते मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, गांव के बूथ संख्या 285 और 286 पर सुबह से एक भी मतदाता वोट डालने नहीं पहुंचा। दोनों मतदान केंद्र पूरी तरह खाली पड़े हैं।

**ग्रामीण अपने फैसले पर अड़े हैं :** ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले ही सड़क की बदहाली को लेकर मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी थी, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी नाराजगी के कारण लोगों ने मतदान से दूरी बना ली। करीब चार घंटे बीत जाने के बाद भी मतदान शुरू नहीं हुआ है। प्रशासन और स्थानीय अधिकारी लगातार लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक ग्रामीण अपने फैसले पर अड़े हैं।

### 'किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया'

गांव के निवासी उमेश साह ने बताया कि ह्यहमारा इलाका हसनपुर स्टेशन के पास है, लेकिन वहां पहुंचने के लिए दो नदियां पार करनी पड़ती हैं। कुशेश्वरस्थान प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए भी कोई ठीक रास्ता नहीं है। कई वर्षों से इस दिशा में किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया। इसलिए हमने मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया ह्न ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क और आवागमन की समस्या दूर नहीं की जाती, तब तक वे मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे।

# यूपी बोर्ड कक्षा 10वीं-12वीं की डेटशीट जारी 18 फरवरी से 12 मार्च तक होंगी परीक्षाएं




**लखनऊ।** यूपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं एक साथ दिनांक से 18 फरवरी 2026 से प्रारम्भ होकर दिनांक 12 मार्च 2026 को समाप्त होंगी।

### दो पालियों में होगी परीक्षा

यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बुधवार को वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा तिथियां घोषित कर दी हैं। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली का समय सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक है, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा का समय दोपहर बाद 2.00 बजे से शाम 5.15 बजे है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा होगी।

यूपी बोर्ड कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा की शुरूआत 18 फरवरी को हिंदी विषय की परीक्षा के साथ होगी। इसके बाद 19 फरवरी को कंप्यूटर और सिलाई की परीक्षा होगी। 10वीं की परीक्षा 12 मार्च को कृषि विषय की परीक्षा के साथ संपन्न होगी।

इंटर की परीक्षा भी 18 फरवरी से शुरू होगी। पहले दिन सामान्य हिंदी की परीक्षा होगी। इसके बाद 19 फरवरी को अगली परीक्षा व्यावसायिक विषयों की होगी। 20 फरवरी को अंग्रेजी और संस्कृत की परीक्षा होगी। 12 मार्च को इंटर की आखिरी परीक्षा होगी, जोकि कंप्यूटर विषय की होगी।

# गर्भ में पल रहे भ्रूण तक भी पहुंच रहा प्रदूषण का असर

## आईआईटी दिल्ली के अध्ययन में हुआ बहुत बड़ा खुलासा





**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में बढ़ते वायु प्रदूषण का असर सिर्फ वयस्कों के स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि गर्भ में पल रहे शिशुओं तक पर पड़ रहा है। ऐसे में गर्भ में पल रहा शिशु भी सुरक्षित नहीं है। सर्दी की सुबह, कोहरा नहीं धुआं है, जो सांस में घुलते ही खराश, गले में दर्द के साथ कई बीमारियां लेकर आता है। लेकिन सबसे ज्यादा डर उस मां को है, जिसके गर्भ में नन्हा मेहमान पल रहा है। प्रदूषण के कारण हवा में मौजूद सूक्ष्म कण (पीएम 2.5) और जहरीली गैसें मां के शरीर के जरिए सीधे बच्चे के विकास को प्रभावित करती हैं।

डॉक्टरों की चेतावनी है कि ये जहरीला कोहरा अस्थमा, समय से पहले जन्म और विकास में रुकावट जैसी भयानक समस्याएं पैदा कर सकता है। वहीं, आईआईटी दिल्ली समेत कई प्रमुख शोध संस्थानों द्वारा किए गए एक संयुक्त अध्ययन में यह सामने आया है कि गर्भावस्था के दौरान हवा में पीएम 2.5 का स्तर बढ़ने से बच्चों के समय से पहले जन्म लेने और कम वजन के साथ पैदा होने की संभावना में काफी वृद्धि होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, जब गर्भवती महिला प्रदूषित हवा में सांस लेती है, तो सूक्ष्म कण फेफड़ों के जरिए खून में घुल जाते हैं और प्लेसेंटा तक पहुंच जाते हैं। इससे भ्रूण की ग्रोथ पर सीधा असर पड़ता है।

**गर्भ में बच्चे की सुरक्षा क्यों है जरूरी? :** गर्भ में बच्चे की सभी शारीरिक संरचनाएं एक निश्चित समय अवधि के दौरान विकसित होती हैं। इस दौरान यदि किसी भी तरह की बाहरी नकारात्मक परिस्थिति, जैसे प्रदूषित हवा, शरीर में प्रवेश करती है, तो यह सीधा बच्चे के अंगों के विकास, फेफड़ों की क्षमता, दिमागी विकास और प्रतिरोधक क्षमता पर प्रभाव डाल सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि जन्म के बाद ऐसे बच्चे सांस की दिक्कत, एलर्जी, कम वजन और बार-बार बीमार होने की समस्या से जूझ सकते हैं।

हाल ही में आईआईटी दिल्ली और अन्य प्रमुख संस्थानों द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह खुलासा हुआ है कि गर्भावस्था के दौरान पीएम 2.5 का स्तर बढ़ने से बच्चों के जन्म में समय से पहले पैदा होने और कम वजन के साथ जन्म लेने की संभावना बढ़ जाती है। अध्ययन के अनुसार, जब हवा में पीएम 2.5 का स्तर 40 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ऊपर जाता है, तो इससे गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों पर गंभीर असर पड़ता है।

अध्ययन में यह पाया गया कि हर 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर पीएम 2.5 के बढ़ने पर कम वजन वाले बच्चों के जन्म की दर में 5 फीसदी और समय से पहले जन्म की दर में 12 फीसदी तक वृद्धि हो जाती है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 07 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Mamta Gupta
35m
Delhi me Geetanjali art and welfare society dwara sammanit kiya gaya



# नगर निगम ने घोषित किए दिपावली डेकोरेशन प्रतियोगिता के परिणाम

## नगर आयुक्त ने विजेता बाजारों के व्यापार मंडलों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर की दीपावली सजावट को नई पहचान देते हुए गाजियाबाद नगर निगम ने दिपावली डेकोरेशन प्रतियोगिता 2025 के परिणाम घोषित किए।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विजेता बाजारों के व्यापार मंडलों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और शहर की स्वच्छता व सुंदरता में व्यापारियों की भूमिका की खुलकर सराहना की। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित समारोह में नगर आयुक्त ने कहा कि शहर की सजावट और प्रकाश व्यवस्था में व्यापारियों का योगदान सराहनीय है। दीपावली पर की गई लाइटिंग, रंगाई और सौंदर्यीकरण ने गाजियाबाद को नई चमक दी है। उन्होंने व्यापारिक संगठनों को आगे भी शहर के हित में ऐसे प्रयास जारी रखने की प्रेरणा दी।

























**नगर निगम मुख्यालय में आयोजित समारोह में नगर आयुक्त ने कहा कि शहर की सजावट और प्रकाश व्यवस्था में व्यापारियों का योगदान सराहनीय है।**

### सभी प्रतिभागियों को भी मिला सम्मान

करंट क्राइम। नगर निगम द्वारा पंजीकृत सभी व्यापारिक संगठनों को भी उत्साहवर्धन के रूप में प्रशस्ति पत्र दिए गए। प्रतिभागियों में शास्त्री नगर व्यापार मंडल, वैशाली उद्योग व्यापार मंडल, उद्योग व्यापार मंडल ब्रज विहार, सेक्टर-9 व्यापार मंडल विजयनगर, व्यापारी एकता समिति इंदिरापुरम, राष्ट्रीय व्यापार मंडल इंदिरापुरम और श्रीराम व्यापार मंडल इंदिरापुरम शामिल रहे। नगर आयुक्त ने प्रकाश विभाग प्रभारी आश कुमार और उनकी टीम की विशेष सराहना की, जिन्होंने दीपावली महोत्सव के दौरान उत्कृष्ट प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव सहित नगर निगम अधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

प्रतियोगिता में चार श्रेणियों — स्वर्ण, रजत, कांस्य और नवाचार — में बाजारों को पुरस्कृत किया गया।

1. स्वर्ण श्रेणी — वैशाली सेक्टर-4 (वसुंधरा जोन), चोपला दिल्ली गेट व्यापार मंडल (सिटी जोन) और सीताराम बाजार तुरब नगर व्यापारी एसोसिएशन (सिटी जोन) शामिल रहे।
2. रजत श्रेणी — प्रकाश विभाग, गाजियाबाद नगर निगम (कवि नगर जोन) को चुना गया।
3. कांस्य श्रेणी — शालीमार गार्डन लघु उद्योग व्यापार कल्याण समिति, व्यापार मंडल साहिबाबाद (श्याम पार्क), डीएलएफ मार्केट एसोसिएशन मोहन नगर और सेक्टर-12 प्रताप विहार व्यापार मंडल (विजयनगर) को सम्मान मिला।
4. नवाचार श्रेणी —वैशाली सेक्टर-4 व्यापार मंडल को नवाचारी सजावट के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### जन सहभागिता से सजेगा शहर

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में नगर निगम 'जन सहभागिता से स्वच्छता और सुंदरता' की मुहिम चला रहा है। दीपावली डेकोरेशन प्रतियोगिता के माध्यम से व्यापारियों को शहर के विकास अभियानों से जोड़ने का प्रयास किया गया है, ताकि गाजियाबाद हर उत्सव पर स्वच्छ, सुंदर और जगमग बना रहे।

---

### नदिया पार में बर्थडे वाले केक से क्यों फूटा नाराजगी का 'अंकुर'

# देवतुल्यों ने कहा- अगर अकेले में केक काटना था तो हमें क्यों बुला लिया आपने

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में तवज्जों शब्द का बड़ा महत्व होता है। जो लोग राजनीति करते हैं वो ये मानकर चलते हैं कि भले ही भोजन मिले या ना मिले। भले ही आयोजन में और कुछ मिले या ना मिले लेकिन तवज्जों पूरी मिलनी चाहिए।

अब नदिया के उस पार मित्तल जी के हैप्पी बर्थडे में कुछ ऐसा हो गया कि पूर्व पार्षद से लेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष तक अनहैप्पी फील कर रहे हैं। बताते हैं कि यहां पर अभी नई भाजपा में नवभाजपाई के रूप में मित्तल जी का उदय हुआ है। उनकी राजनीति क्षेत्र में लगे होर्डिंग के जरिए तेजी से अंकुरित हो रही है।

अब वो पुराने भाजपाई होते तो अपेक्षित और उपेक्षित के बीच का अंतर समझ लेते। मौका उनके जन्मदिन का था और उन्होंने जन्मदिन के जश्न में पूरा प्रेम दिखाने के लिए सभी को आमंत्रित किया।

भाजपा वाले सुख-दुख में सबसे पहले शामिल होते हैं। लिहाजा जब मित्तल जी का बर्थडे वाला केक आया तो पूर्व पार्षद तथा वर्तमान मंडल अध्यक्ष मैडम गुप्ता भी पहुंच गईं। जन्मदिन की बधाई है तो पूर्व मंडल वाले बक्शी जी भी पहुंच गये। सबने जन्मदिन की बधाई दी अब सबको इंतजार था कि केक भी कटेगा और हम शुभकामनाएं भी देंगे।

इंतजार हो रहा था कि अचानक बर्थडे मैन मित्तल जी के मोबाईल पर



**हैप्पी बर्थडे टू यू के बाद पूर्व मंडल अध्यक्ष और पूर्व पार्षद दोनों ही वहां से चुपचाप चले आये। अब सवाल मंडल में गूंज रहा है कि अरे जब तुम्हें केक ही अपने एक व्यक्ति विशेष के सानिध्य में काटना था तो तुमने हम सबको क्यों बुला लिया।**

भगवा योद्धा का फोन आ गया। फोन आते ही बर्थडे मैन मित्तल जी की तो टोन ही चेंज हो गई।

उसने सभी को इग्नोर किया और फिर थोड़ी देर में भगवा योद्धा की कार आकर रूकी। बताते हैं कि बर्थडे वालों ने तुरंत बाहर का रूख किया और फिर उसके बाद उन्होंने हॉल में बैठे सभी लोगों को इग्नोर करते हुए ऊपर वाले हॉल की ओर रूख किया। नीचे देवतुल्य इंतजार कर रहे थे और भगवा योद्धा को बर्थडे मैन अपने साथ ऊपर ले गये।

वहां जब उन्होंने भगवा योद्धा के कर-कमलों द्वारा अपने बर्थडे का केक काटा तो नीचे बैठे फूलों वाले देवतुल्यों को ऐसा फील हुआ कि मानों क्यों ही बुलाया था। ऊपर से हैप्पी बर्थडे टू यू की आवाजें आ रही थी और नीचे वाले उन आवाजों में अपना यू यू मिला रहे थे। बहरहाल हैप्पी बर्थडे टू यू के बाद पूर्व मंडल अध्यक्ष और पूर्व पार्षद दोनों ही वहां से चुपचाप चले आये। अब सवाल मंडल में गूंज रहा है कि अरे जब तुम्हें केक ही अपने एक व्यक्ति विशेष के सानिध्य में काटना था तो तुमने हम सबको क्यों बुला लिया। अब बर्थडे पर केक कटने और फूल कटने का किस्सा गूंज रहा है।

---

# निगम के रडार पर आये भगवा मंडल पदाधिकारी पर अभी लटकी है जांच की तलवार

## चल रही है जांच और रोचक होगा ये देखना किसकी होनी है यहां जीत और किसकी होनी है हार

**दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व में प्रकाशित किया था कि भाजपा का एक मंडल प्रमुख पदाधिकारी निगम की जांच वाले रडार पर आ गया है। निगम की जांच इस बात को लेकर चल रही है कि मंडल पदाधिकारी ने निगम की जमीन पर अवैध कब्जा किया है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में किस्सा इन दिनों उस मंडल को लेकर गूंज रहा है जिस पर निगम की जांच की तलवार लटक रही है। दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व में प्रकाशित किया था कि भाजपा का एक मंडल प्रमुख पदाधिकारी निगम की जांच वाले रडार पर आ गया है।

निगम की जांच इस बात को लेकर चल रही है कि मंडल पदाधिकारी ने निगम की जमीन पर अवैध कब्जा किया है। शुरू में भाजपा वाले भी और निगम के बाबू भी ये मानकर चल रहे थे कि मामला चूंकि सरकार वालों का है इसलिए रडार-वडार कुछ नहीं होगा और इस मामले में रिपोर्ट लगेगी। लेकिन सूत्र बताते हैं कि आग दोनों तरफ से बराबर लगी हुई है। क्योंकि मंडल के जो पदाधिकारी हैं वो एक जनप्रतिनिधि के खास बताये जाते हैं, प्रिय बताये जाते हैं। ऐसे में इतना तो तय है कि अगर अपने खास पर कोई बात आयेगी तो जाहिराना तौर पर जनप्रतिनिधि मामले में आगे आयेंगे। निगम सूत्र बता रहे हैं कि मंडल पदाधिकारी ने भी इस मामले में अब मोर्चा खोला है। वहीं निगम वाले भी जमीन को लेकर महीन जांच कर रहे हैं। पटवारी टू एसडीएम पूरी जिम्मेदारी से जांच हो रही है। सुना है दीवार खड़ी करने को लेकर भी कवायद हुई है और नगर निगम की



टीम वापस लौटी है। सूत्र बताते हैं कि निगम और मंडल पदाधिकारी इस मामले में आमने सामने आ गये हैं। मंडल पदाधिकारी के पास जमीन से जुड़े कागज हैं और उसका कहना है कि वह पूरी तरह वैध तरीक से कागज के साथ इस जमीन पर काबिज हैं। वहीं जमीन प्रतिनिधि मंडल वाले पदाधिकारी के साथ उसके संघर्ष में साथ खड़े हैं। वहीं नगर निगम का ये कहना है कि जमीन नगर निगम की है और उस पर कब्जा हुआ है। निगम वाले एक 'बड़ी ताकत' के दिशा निर्देशों पर चल रहे हैं। बहरहाल जो कुछ भी है वो अब जांच में सामने आयेगा। निगम वाली जांच की आंच भी अपना असर दिखायेगी। लेकिन सूत्र बताते हैं कि इस पूरे गेम में मामला भाजपा के भीतर रोचक होने जा रहा है। कार्यवाही की दिशा कहीं भी हो लेकिन उसका इफैक्ट दिखाई देगा। क्योंकि निगम की जांच में अगर मंडल के पदाधिकारी पर कोई गाज गिरी तो फिर एग्रेशन विधानसभा तक दिखाई देगा और अगर इस मामले में निगम की जांच में मंडल का पदाधिकारी पाक-साफ निकला तो फिर एग्रेशन दूसरी तरफ भी दिखाई देगा। कार्यवाही की दिशा इस एग्रेशन को तय करेगी। फिलहाल मामला रोचक होता जा रहा है और निगम वाले भी इस मामले में कह चुके हैं कि हमारा काम जांच का है वो हम करेंगे।

---

# विधायक जी ने कर ली निगम के किस अधिकारी की शिकायत की तैयारी

## शासन तक देने के लिए लिख लिए हैं उन्होंने चार लैटर भारी-भारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किस्सा नगर निगम में गूंज रहा है और किस्से में विधानसभा आ गई है। किस्से में निगम के एक अधिकारी आ गये हैं और सुना है ये अधिकारी विधायक जी की नाराजगी के निशाने पर आ गये हैं। निगम के इन अधिकारी से एक विधायक काफी नाराज हैं। नाराजगी की वजह ये बताई जाती है कि निगम के अधिकारी ने विधायक जी के विकास वाले प्रस्तावों को भी हाशिये पर रखा है।

वहीं बताया ये भी जाता है कि निगम के ये अधिकारी अन्य काम तो पूरी निष्ठा के साथ कर देते हैं मगर विधायक जी जिस काम को बता दें, उस काम में फिर वो जरूर किन्तु परन्तु लगाकर उसकी रफ्तार को धीमा कर देते हैं। विधायक जी ये कह चुके हैं कि निगम का ये अधिकारी अपनी




जिम्मेदारी को नहीं समझ रहा है। मामला विकास के कामों से जुड़ा है और कई विकास कार्य रूक गये हैं। स

ूत्र बताते हैं कि विधायक जी ने निगम के इस अधिकारी की शिकायत शासन तक पहुंचाने की तैयारी कर ली है। विधायक जी केवल मौखिक शिकायत करने के मूड में नहीं है और इसके लिए उन्होंने लिखित तैयारी कर ली है। विधायक जी का ये भी कहना है कि निगम के बड़े अधिकारी



विकास से जुड़े प्रस्ताव को सुनते हैं उस पर काम भी करते हैं लेकिन निगम के इन अधिकारी ने तो हदें पार कर दी हैं। सूत्र बताते हैं कि विकास वाले इन मामलों में कुछ कार्यकर्ताओं की भी शिकायत है और पेंच यहीं फंसा हुआ है। अब विधायक जी ने शासन तक बात पहुंचाने के लिए एक या दो नहीं अपितु चार लैटर तैयार कर लिये हैं। लैटर का मैटर ही कुछ ऐसा है कि शब्दों से अब एक्शन की गंध आ रही है।

सुना है कि विधायक जी भी अब इस मामले में जीरो टॉलरेंस मूड में है। उन्होंने कई ऐसे सॉलिड रीजन जुटा लिये हैं कि एक्शन होगा ही होगा। बताया ये भी जाता है कि विधायक जी इस बात के भी प्रयास कर रहे हैं कि वो मुख्यमंत्री से समय लें और उनसे मुलाकात कर इस विषय को रखें। नाराजगी की बड़ी वजह विकास कार्य ही बताये जाते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि विधायक जी की नाराजगी का इफैक्ट कुछ दिनों में जरूर दिखाई देगा।

## संपादकीय

# फिर पटरी पर हादसा

बिलासपुर में रेल हादसे की प्रारंभिक जांच रपट में यह सामने आया है कि चालक दल यात्री ट्रेन को लाल बत्ती पर नियंत्रित नहीं कर पाया, जिससे वह आगे जाकर एक मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई। यह जांच रपट पांच विशेषज्ञों ने तैयार की है, लेकिन इस पर केवल तीन ने ही हस्ताक्षर किए हैं और इसको लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

देश में आम लोगों के लिए रेल सेवाएं यातायात का प्रमुख साधन हैं। रोजाना लाखों लोग रेलगाड़ियों में सफर करते हैं। सरकार यह दावा करते हुए नहीं थकती कि रेलयात्रा को सुलभ एवं सुरक्षित बनाना उसकी प्राथमिकता में है। फिर क्या वजह है कि रेल हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है? कभी दो रेलगाड़ियों के टकराने से दुर्घटना हो जाती है, तो कभी कोई ट्रेन पटरी से उतर जाती है। वहीं, पैदल यात्रियों का ट्रेन की चपेट में आना, तो अब रोजमर्रा की घटनाएं हो गई हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को एक यात्री ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे बड़ा हादसा हो गया। इसके अगले दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में रेलगाड़ी से उतर कर पटरी पार कर रहीं महिलाएं दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गईं। इन दोनों हादसों में कई लोगों की जान चली गई। इससे रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर अब तक हुई रेल दुर्घटनाओं से सबक लेकर व्यवस्था में व्याप्त खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती है गौर करने की बात है कि एक तरफ देश में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है और दूसरी तरफ रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट के मुताबिक, देश में वर्ष 2023 में रेलगाड़ियों के टकराने, पटरी से उतरने और पैदल यात्रियों के चपेट में आने से संबंधित चौबीस हजार से अधिक हादसे हुए हैं, जिनमें इक्कीस हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में रेल हादसों में 6.7 फीसद की वृद्धि हुई है। हालांकि, सरकार की ओर से रेल सेवाओं को सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल सहित कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन इन्हें व्यावहारिक रूप में ढालने और धरातल पर लागू करने में विभिन्न स्तरों पर बरती जा रही लापरवाही भी रेल हादसों का एक बड़ा कारण है। बिलासपुर में रेल हादसे की प्रारंभिक जांच रपट में यह सामने आया है कि चालक दल यात्री ट्रेन को लाल बत्ती पर नियंत्रित नहीं कर पाया, जिससे वह आगे जाकर एक मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई। यह जांच रपट पांच विशेषज्ञों ने तैयार की है, लेकिन इस पर केवल तीन ने ही हस्ताक्षर किए हैं और इसको लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए हादसे को लेकर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कुछ यात्री एक ट्रेन से पटरी वाले हिस्से की ओर उतर गए और वे उसी वक्त सामने से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए।

# डीबीटी से सरकार ने की 4 लाख करोड़ रुपये की बचत: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक के 12वें बैंकिंग एंड इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव में कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिए अब तक चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया है। सीतारमण ने कहा कि भारत अब प्रौद्योगिकी-आधारित विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि डेटा की लागत 2014 में 300 रुपये प्रति जीबी से घटकर आज सिर्फ 10 रुपये रह गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक मूल्य शृंखला विघटनकारी दौर से गुजर रही है। ऐसे में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का मुख्य ध्यान है। पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2014 से कारोबार को आसान बनाने के लिए अनगिनत क्रांतिकारी सुधार किए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय स्टेट बैंक के एक कार्यक्रम में यह बात कही है। इस दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा वैश्विक मूल्य शृंखला विघटनकारी दौर से गुजर रही है। ऐसे में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का मुख्य ध्यान है।

### देश को बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत: सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा कि देश को बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है। इस बारे में रिजर्व बैंक और दूसरे बैंकों से बातचीत चल रही है। 12वें एसबीआई बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2025 में बोलते हुए हुए सीतारमण ने ऋणदाताओं से उद्योग के लिए ऋण प्रवाह को गहरा और व्यापक बनाने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने भरोसा जताते हुए कहा कि जीएसटी दर में कटौती से बढ़ी मांग एक बेहतर निवेश का सिलसिला शुरू करेगी।

### देश में बैंकों की कुल संख्या 27 से घटकर 12 हुई

सेबी ने अगस्त 2025 में आईडीबीआई बैंक में रणनीतिक विनिवेश पूरा होने पर बैंक के प्रमोटर से सार्वजनिक शेयरधारक के रूप में जीवन बीमा निगम के पुनर्वर्गीकरण को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एकीकरण भी किया। बैंकिंग क्षेत्र में सबसे बड़े एकीकरण की पहल करते हुए सरकार ने अगस्त 2019 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चार बड़े विलय की घोषणा की थी। इससे देश में बैंकों की कुल संख्या 2017 के 27 से घटकर 12 हो गई।

### मुख्य बिंदु:

- वैश्विक मूल्य शृंखला विघटनकारी दौर से गुजर रही है, ऐसे में सरकार का ध्यान बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है।
- पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
- देश को अब बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार और आरबीआई के बीच चर्चा जारी है।
- वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी, जिससे निवेश में नया उत्साह आएगा।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एकीकरण से देश में बैंकों की संख्या 27 से घटकर 12 हो गई है।

### सीतारमण का जोर:

सरकार इस दिशा में काम कर रही है कि भारत को बड़े और मजबूत बैंक मिले जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। पूंजीगत निवेश बढ़ाना और तकनीक के जरिए पारदर्शिता लाना हमारी प्राथमिकता है।

# ईडी ने फिर जारी किया अनिल अंबानी को समन 14 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी को कथित बैंक धोखाधड़ी व धन शोधन मामले में अगले सप्ताह फिर से पूछताछ के लिए बुलाया है। 66 वर्षीय व्यवसायी से संघीय जांच एजेंसी ने अगस्त में पूछताछ की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को रिलायंस एडीए समूह के प्रमुख अनिल अंबानी को 14 नवंबर को पेश होने का समन भेजा है। बताया गया है कि उनसे कथित धनशोधन मामले में पूछताछ की जाएगी। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी को कथित बैंक धोखाधड़ी व धन शोधन मामले में अगले सप्ताह फिर से पूछताछ के लिए बुलाया है। 66 वर्षीय व्यवसायी से संघीय जांच एजेंसी ने अगस्त में पूछताछ की थी।

सूत्रों ने बताया कि अनिल अंबानी को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए 14 नवंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। एजेंसी ने हाल ही में अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ अपनी जांच के तहत 7,500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने 3 नवंबर को अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों की करीब 7500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। ईडी ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 120-बी, 406 और 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1989 की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(डी) के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर यह कार्रवाई की थी। इसके बाद, अनिल अंबानी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से कुर्क की गई अधिकांश संपत्ति रिलायंस कम्युनिकेशंस की हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता में तेजी

## बहुत जल्द समझौते को मिलेगा अंतिम रूप : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जानकारी दी कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है। गोयल ने कहा कि मेरा मानना है कि यह एक ऐतिहासिक यात्रा है, भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा।



### बहुत ही जल्द एफटीए को मिलेगा अंतिम रूप

गोयल ने कहा कि मेरा मानना है कि यह एक ऐतिहासिक यात्रा है, क्योंकि हम बहुत जल्द एफटीए को अंतिम रूप देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान कर रहे हैं। हमारी टीमों ने शानदार काम किया है। जिन कुछ बारीकियों पर ध्यान देने की जरूरत थी, वे हमारे सामने हैं। बहुत सी चीजें, समायोजन की भावना से, बंद कर दी गई हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वार्ता कल भी जारी रहेगी और उम्मीद है कि काफी काम हो जाएगा। इसलिए मुझे लगता है कि हम जल्द ही न्यूजीलैंड के साथ एफटीए कर लेंगे।

### पिछले वार्ष दोनों देशों के बीच व्यापार में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई

यह पूछे जाने पर कि क्या व्यापार समझौता वर्तमान द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने में मदद करेगा, जो लगभग 1.5 अरब डॉलर है, मैकक्ले ने कहा कि यह समझौता व्यापार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि हमने पिछले वर्ष देखा है कि दोनों देशों के बीच व्यापार में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं के आकार को देखते हुए एक बहुत बड़ी वृद्धि है। इसलिए हम एक ऐसा समझौता करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जो न्यूजीलैंड में सभी भारतीय व्यवसायों और भारत में एक साथ काम करने में रुचि रखने वाले न्यूजीलैंड के व्यवसायों को वास्तविक अवसर प्रदान करेगा।

### न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री अगले सप्ताह करेंगे भारत का दौरा

न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री ने कहा कि यह समझौता कृषि प्रौद्योगिकी, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष वार्ता में बहुत अच्छी प्रगति कर रहे हैं। वह अगले सप्ताह भारत का भी दौरा करेंगे।

# मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 148 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 148.14 अंक गिरकर 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 87.95 अंक गिरकर 25,509.70 अंक पर आ गया। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और प्रमुख शेयर बाजार आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली के बीच गुरुवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 148.14 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 83,846.35 के उच्च स्तर और 83,237.65 के निम्न स्तर को छुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 87.95 अंक या 0.34 प्रतिशत गिरकर 25,509.70 अंक पर बंद हुआ।



प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रहने से गुरुवार को रुपया 10 पैसे बढ़कर 88.60 प्रति डॉलर (अनंतिम) पर पहुंच गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, इटरनल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। वहीं एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट लाभ में रहे।

### घरेलू बाजार में जारी रही अस्थिरता

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार में अस्थिरता हावी रही। एशियाई बाजारों के समर्थन के बावजूद एफआईआई की निरंतर निकासी के बीच व्यापक मुनाफावसूली देखी गई। एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में चार भारतीय कंपनियों के शामिल होने और मजबूत अमेरिकी मैक्रो डेटा से शुरुआती आशावाद कमजोर घरेलू पीएमआई रीडिंग से कम हो गया, जो नरम धारणा का संकेत देता है।

### सेवा क्षेत्र के पीएमआई में आई गिरावट

गुरुवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अक्तूबर में पिछले पांच महीनों में सबसे धीमी रही, क्योंकि प्रतिस्पर्धी दबाव और देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण उत्पादन में धीमी वृद्धि हुई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स सितंबर में 60.9 से गिरकर अक्तूबर में 58.9 हो गया, जो मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है।

### यूरोपीय बाजार में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बुधवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,067.01 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,202.90 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे। मंगलवार को सेंसेक्स 519.34 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 83,459.15 पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को परीक्षण पर रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने टॉमटाटो का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमशः दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर घूमने-फिरने जा सकते हैं। नेत्र पीड़ा हो सकती है। सुख के साधन जुटेंगे। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष:** शारीरिक कष्ट संभव है। बेचैनी रह सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। रोजगार में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मिथुन:** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पठन-पाठन व लेखन इत्यादि में ध्यान लगेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कर्क:** शत्रु सक्रिय रहेंगे। पहले लिए गए जल्दबाजी में निर्णय का प्रभाव प्रतिकूल हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ रहेगी।

**सिंह:** प्रयास सफल रहेंगे। समाजसेवा की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे।

**कन्या:** पुराने शत्रु षड्यंत्र रच सकते हैं, सावधान रहें। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**तुला:** किसी लंबी व्यावसायिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है।

**वृश्चिक:** कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। कार्यों में विलंब होगा।

**धनु:** किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** सुख के साधनों पर व्यय होगा। आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। व्यापारिक नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यस्तता रहेगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** विवाद से दूर रहें। लेन-देन में सावधानी रखें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। भावना में न बहें।

## चुटकुले

पत्नी ने अपने पति को फोन
लगाया पत्नी- कहां हो?
ऑफिस पहुंच गए क्या?
पति- अरे मेरा कार से एक्सीडेंट हो गया है मेरी
टांग टूट गई है अस्पताल जा रहा हूं
पत्नी- अच्छा ठीक है, जाओ टिफिन का ध्यान
रखना टेड़ा ना हो जाए
नहीं तो दाल गिर जायेगी...

---

पति : अरे सुनो, मुन्ना रो रहा है चुप कराओ इसे...
पत्नी (गुस्से में) : मैं काम करूं
या बच्चे संभालू,
मैं इसे दहेज में नहीं लाई थी, खुद
ही चुप करा लो।
पति : फिर रोने दे, मैं कौन सा इसे
बारात में लेकर गया था।


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



दैनिक **करंट क्राइम**

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)




# पीएम मोदी ने किए सवाल: जीत के बाद हरमन ने जेब में क्यों रखी गेंद, कंगारुओं को हराकर जेमिमा को कैसा लगा?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली टीम इंडिया से मुलाकात की। बातचीत का पूरा वीडियो गुरुवार को जारी किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से कुछ दिलचस्प सवाल पूछे। पीएम मोदी ने कप्तान हरमनप्रीत से फाइनल में जीत के बाद गेंद को जेब में रखने की बात पूछी। वहीं, उन्होंने जेमिमा रॉड्रिग्स से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक जड़कर उन्हें हराने का एहसास भी पूछा। इन दोनों ने अपनी भावनाओं को प्रधानमंत्री के साथ साझा किया।




## हरमन ने गेंद जेब में रखने का कारण बताया

पीएम ने कहा, 'अच्छा हरमन आपने जीतने के बाद गेंद को जेब में रखा, इसका क्या कारण था? कुछ सोचकर या फिर किसी ने बताया था या किसी ने गाइड किया था, क्या हुआ था? इस पर हरमन ने कहा, 'नहीं सर, ये भी भगवान का ही प्लान था। ऐसा तो पता था नहीं कि आखिरी कैच मेरे पास ही आएगा। पर वो गेंद कैच के रूप में मेरे पास आई और इतने वर्षों की मेहनत और इतने वर्षों का इंतजार...ये सोचा कि अब ये गेंद मेरे पास आई है तो मेरे पास ही रहेगी। अभी भी वो गेंद मेरे बैग में ही है।' यह सुनकर पीएम मोदी मुस्कुराए।


> 'सेमीफाइनल मैच था और इससे पहले हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नजदीक आकर हार रहे थे। तो जब मैं मैदान पर गई थी तो ये भावना थी कि मुझे टीम को जिताना है : जेमिमा

## जेमिमा ने ऑस्ट्रेलिया को हराने का एहसास बताया

इसके बाद जेमिमा की गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई 127 रन की मैच विजयी पारी भी दिखाई गई। यह देखकर पीएम मोदी ने पूछा, 'इस समय की भावनाओं का वर्णन कर सकती हो आप?' इस पर जेमिमा ने कहा, 'सेमीफाइनल मैच था और इससे पहले हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नजदीक आकर हार रहे थे। तो जब मैं मैदान पर गई थी तो ये भावना थी कि मुझे टीम को जिताना है। कुछ भी कर के आखिरी तक खेलना है और टीम को जिताना है। जब हैरी दी मैदान पर आईं तो हमारी यही बातचीत हुई कि एक बड़ी पार्टनरशिप मैच को बदल सकती है और वह दबाव में आ जाएंगे।

हम यही करने की कोशिश कर रहे थे। और उस वक्त ये एक सामूहिक टीम प्रयास था। मेरा शतक हुआ, दीप्ति ने शानदार गेंदबाजी की, अमनजोत ने आक्रामक पारी खेली। तो ये एक सामूहिक प्रयास था। हमें विश्वास था कि हम टीम के रूप में कर सकते हैं और हमने कर दिखाया।'

# संदीप नरवाल बने गजब गाजियाबाद कबड्डी टीम के मेंटर







**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन 2 में हिस्सा लेने जा रही गजब गाज़ियाबाद टीम ने अपने मेंटर के रूप में अर्जुन अवॉर्डी और अनुभवी कबड्डी स्टार संदीप नरवाल को नियुक्त किया है।

संदीप नरवाल, जिन्हें कबड्डी की दुनिया में द बीस्ट के नाम से जाना जाता है, भारतीय कबड्डी के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्हें वर्ष 2021 में अर्जुन अवॉर्ड और भीम अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। वे विश्व एवं एशियाई चैम्पियन रह चुके हैं और प्रो कबड्डी लीग के सीजन 9 तक शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। अब वे अपने अनुभव और ऊर्जा से गजब गाज़ियाबाद टीम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का लक्ष्य लेकर जुड़े हैं।

टीम के ओनर आशीष शर्मा और एडवोकेट कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि संदीप नरवाल जैसे दिग्गज खिलाड़ी के जुड़ने से हमारी टीम में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास आया है। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी और भी अधिक जुनून और जोश के साथ मैदान में उतरेंगे। हमें पूरा भरोसा है कि गजब गाज़ियाबाद बेहतरीन प्रदर्शन करेगी।

> अर्जुन अवॉर्डी और द बीस्ट के नाम से मशहूर खिलाड़ी अब यूपी कबड्डी लीग सीजन 2 में देंगे टीम को मार्गदर्शन

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के फाउंडर एवं ओनर संभव जैन ने कहा की संदीप नरवाल के मेंटर बनने से गजब गाज़ियाबाद टीम का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यूपी कबड्डी लीग सीजन 2 में टीम दमदार प्रदर्शन करने को पूरी तरह तैयार हैं। टीम के हेड कोच हैं किरनपाल सिंह और बतौर असिस्टेंट कोच गुलबीर सिंह प्लेयर्स को ट्रेंड करेंगे।

गजब गाज़ियाबाद टीम के प्रमुख खिलाडियों में अनिल कुमार, हर्ष ढाका, रोनक सिंह, उदय दाबस, अभिषेक पांडेय, अमन पवार, अर्पित चौहल, अमन राणा, शौर्य सिंह, विपुल चौधरी, हरिओम, विशाल कुमार और गोपाल शर्मा शामिल है।

# आगामी डब्ल्यूपीएल सत्र से पहले आरसीबी का बड़ा फैसला



**पूर्व स्पिनर मालोलन रंगराजन बने मुख्य कोच**

**नई दिल्ली।** रंगराजन शुरूआत से ही आरसीबी के डब्ल्यूपीएल के सहयोगी स्टाफ के सदस्य रहे हैं। आरसीबी ने जब 2024 में खिताब जीता था तब वह टीम के सहायक कोच थे। अब फ्रेंचाइजी ने उन्हें आगामी सत्र के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर मालोलन रंगराजन को अगले साल होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे सत्र से पहले अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर दिया। रंगराजन ल्यूक विलियम्स की जगह लेंगे, जिन्हें 2024 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण ऑस्ट्रेलिया का यह पूर्व खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में अपनी सेवाएं नहीं दे पाएगा।

आरसीबी का पोस्ट

आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, 'पिछले छह वर्षों से विभिन्न भूमिकाओं में आरसीबी के सहयोगी स्टाफ के प्रमुख सदस्य रहे मालोलन रंगराजन को अब आगामी डब्ल्यूपीएल के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।' रंगराजन शुरूआत से ही आरसीबी के डब्ल्यूपीएल के सहयोगी स्टाफ के सदस्य रहे हैं। आरसीबी ने जब 2024 में खिताब जीता था तब वह टीम के सहायक कोच थे।

# 63वें वालोंग डे पर 'वालोंग डे हॉफ मैराथन' का आयोजन

**वालोंग।** भारत की पूर्वी सीमा पर स्थित वालोंग के युद्धक्षेत्र से बुधवार को 'वालोंग हॉफ मैराथन 2025' का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन भारतीय सेना द्वारा 63वें वालोंग डे के उपलक्ष्य में किया गया, जिसने 1962 के भारत-चीन युद्ध में हुए वीरता भरे वालोंग युद्ध की स्मृति को पुनर्जीवित किया।

> 1962 के ऐतिहासिक युद्ध की वीरता को श्रद्धांजलि

इस मैराथन में करीब 700 प्रतिभागियों, जिनमें सेना के जवानों से लेकर नागरिक पुरुष और महिलाएं भी शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ को तीन श्रेणियों में बांटा गया था, 21 किमी हॉफ मैराथन, 10 किमी रन और 5 किमी ट्रिब्यूट रन, जिसमें प्रतिभागियों ने देश के वीर सपूतों के सम्मान में कदम से कदम मिलाया।

यह मैराथन केवल शारीरिक सहनशक्ति और फिटनेस की परीक्षा नहीं थी, बल्कि इसमें स्मरण, एकता और देशभक्ति का संदेश भी निहित था। विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए, जिनमें पदक और दो लाख रुपए तक की नकद राशि भी शामिल थी।

# महिला विश्व कप स्टार ऋचा घोष को शानदार प्रदर्शन का मिलेगा इनाम

## सोने की परत वाली गेंद और बल्ला देगा कैब






**कैब अध्यक्ष गांगुली ने कहा कि अपने बेखौफ खेल से बंगाल और भारत का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी को सम्मानित करना संघ के लिये गर्व की बात है।**

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को महिला विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिये यहां शनिवार को ईडन गार्डंस पर एक भव्य सम्मान समारोह में खास तौर से बनाये गए सोने की परत चढ़ा बल्ला और गेंद प्रदान करेगा।

भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की शिल्पकारों में से एक ऋचा ने आठ पारियों में 133.52 की स्ट्राइक रेट से 235 रन बनाए। वह टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली पांच बल्लेबाजों में से थी। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के हस्ताक्षर वाला बल्ला उन्हें भारतीय क्रिकेट में अतुलनीय योगदान के लिये प्रदान किया जाएगा।

कैब अध्यक्ष गांगुली ने कहा कि अपने बेखौफ खेल से बंगाल और भारत का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी को सम्मानित करना संघ के लिये गर्व की बात है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, 'ऋचा ने असाधारण प्रतिभा और जुझारूपन का प्रदर्शन विश्व स्तर पर किया है। उन्हें सम्मानित करना भारतीय क्रिकेट के लिये उनके अतुलनीय योगदान के प्रति हमारा सम्मान है। वह बंगाल और देश के युवा क्रिकेटरों की प्रेरणास्रोत हैं।'

सातवें नंबर पर उतरी सिलिगुड़ी की 22 वर्ष की इस क्रिकेटर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डी वाई पाटिल स्टेडियम पर फाइनल में 24 गेंद में 34 रन बनाये थे। भारत ने वह मैच 52 रन से जीता। ऋचा ने एक विश्व कप में सर्वाधिक 12 छक्कों के वेस्टइंडीज के डिएंड्रा डोटिन के रिकॉर्ड की भी बराबरी की।



**पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए द. अफ्रीकी टीम में बदलाव**

# चोटिल ब्रेविस की जगह हरमन शामिल

**कराची।** लाहौर में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए कंधे में चोट लगा बैठे ब्रेविस दक्षिण अफ्रीकी टीम के साथ ही रहेंगे और 14 नवंबर से शुरू होने वाले भारत के दो टेस्ट मैच के दौरे की तैयारी करेंगे।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के बाकी बचे मुकाबलों के लिए बृहस्पतिवार को चोटिल डेवाल्ड ब्रेविस की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज रुबिन हरमन को टीम में शामिल किया।लाहौर में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए कंधे में चोट लगा बैठे ब्रेविस दक्षिण अफ्रीकी टीम के साथ ही रहेंगे और 14 नवंबर से शुरू होने वाले भारत के दो टेस्ट मैच के दौरे की तैयारी करेंगे।

हरमन दक्षिण अफ्रीका की 'ए' टीम का हिस्सा थे जो अभी भारत ह्यएह्न के खिलाफ दो मैच की अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला खेल रही है। उन्होंने पहले मैच में अर्धशतक बनाया था जिसे मेजबान टीम ने तीन विकेट से जीता था।

दक्षिण अफ्रीका के लिए 28 साल के हरमन ने छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अभी तक उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में पदार्पण नहीं किया है। पाकिस्तान दौरे पर आई दक्षिण अफ्रीकी टीम में पहले से ही कप्तान एडेन मार्करम, कागिसो रबाडा, तेंबा बावुमा, केशव महाराज, डेविड मिलर, गेराल्ड कोएट्जी, रेयान रिकेल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे कई मुख्य खिलाड़ी नहीं हैं। पाकिस्तान तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पहला मैच दो विकेट से जीता था। दूसरा और तीसरा एकदिवसीय क्रमशः छह और आठ नवंबर को फैसलाबाद में खेला जाएगा



> दक्षिण अफ्रीका के लिए 28 साल के हरमन ने छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अभी तक उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में पदार्पण नहीं किया है

# टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका लेगा भारत की परीक्षा बावुमा बोले- स्पिन के दम पर सीरीज जीत सकते हैं



**बंगलूरू।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बावजूद भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज आसान नहीं होगी, लेकिन उन्होंने कहा कि अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण के दम पर उनकी टीम के पास 25 साल बाद भारत में सीरीज जीतने का सुनहरा मौका है। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी बार 1999-2000 में दिवंगत हैंसी क्रोन्ये की कप्तानी में भारत में पहली टेस्ट सीरीज जीती थी। दो मैचों की सीरीज का दूसरा मैच 14 नवंबर से कोलकाता में खेला जाएगा।

> बावुमा ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका टीम ने लंबे समय से भारत में टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। इस बार हमारे पास सुनहरा मौका है।'

बावुमा ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका टीम ने लंबे समय से भारत में टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। इस बार हमारे पास सुनहरा मौका है।' उन्होंने भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच दूसरे चार दिवसीय मैच से पहले चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, 'विश्व चैम्पियन होने के नाते हमसे काफी अपेक्षाएं हैं। भारत में खेलना हमेशा कठिन होता है। भारत के पास बेहतरीन युवा खिलाड़ी हैं।'

बावुमा ने कहा, 'विराट और रोहित ने लंबे समय तक भारत के लिये खेला और भारत को वहां पहुंचाया, जहां टीम आज है> युवा खिलाड़ी उनकी जगह लेने की कोशिश कर रहे हैं। यह हालांकि बहुत बड़ी चुनौती है। जहां तक हमारी बात है तो हम पूरी तैयारी के साथ आये हैं और हमें यहां मिलने वाली चुनौती का अहसास है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'

बावुमा की नजरें अच्छे स्पिन आक्रमण के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमी का फायदा उठाने पर भी लगी हैं। न्यूजीलैंड के स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों को हुई परेशानी उनकी नजरों से बच नहीं सकी है।

बावुमा ने कहा, 'गेंदबाजी हमेशा से हमारी ताकत रही है। हम इस बार बेहतर स्पिन आक्रमण के साथ आये हैं। अगर अतिरिक्त आफ स्पिनर की जरूरत पड़ी तो ट्रिस्टन स्टब्स भी टीम में है। इनके अलावा केशन महाराज, सेनुरान मुथुस्वामी और साइमन हार्मर हैं ही।'

## विश्व शतरंज कप में दिप्तायन घोष ने किया बड़ा उलटफेर, नेपोम्नियाची को हराया



**नई दिल्ली।** दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया।

ग्रैंडमास्टर दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया। एकतरफा मुकाबले में घोष ने उन्हें कोई मौका ही नहीं दिया।जीत के बाद उन्होंने कहा, 'यह मेरे शतरंज कैरियर की सबसे बड़ी जीत है।' इससे पहले ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने रूस के असेनी नेस्तेरोव को मात दी। वहीं, विश्व जूनियर चैम्पियन वी प्रणव को नॉर्वे के आर्यन तारी ने हराया।

# यूपी पुलिस क्रिकेट टीम ने 100 बॉल्स क्रिकेट चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यू पी पुलिस क्रिकेट टीम ने सी के प्ले स्टेशन क्रिकेट ग्राउंड, ग्रेटर नोएडा में खेली गई 100 बॉल्स क्रिकेट चैंपियनशिप ट्रॉफी के फाइनल मैच में भवानी टाइगर्स, नोएडा को 66 रनों से हरा कर खिताब अपने नाम किया।

टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए यू पी पुलिस ने निर्धारित 100 गेंदों पर 7 विकेट खोकर 182 रनों का स्कोर खड़ा किया। यू पी पुलिस के बल्लेबाज चैतन्य गहलोत ने 50 रन तथा रोहित यादव ने 37 रन बना कर अपनी टीम को मजबूत स्कोर बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। भवानी टाइगर्स के गेंदबाज संजीव अधाना ने 38 रन देकर 3 विकेट तथा आर्यन चौधरी व कुणाल शर्मा ने क्रमशः 22 व 37 रन देकर 2-2 विकेट लिये।

निर्धारित 100 गेंदों में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानी टाइगर्स की टीम केवल 78 गेंदों का सामना कर पायी और मात्र 116 रन पर पूरी टीम ढेर हो गयी। भवानी टाइगर्स के बल्लेबाज आर्यन चौधरी ने 34 रन तथा संजीव अधाना ने 27 रनों का योगदान देकर अपनी टीम को संभालने का प्रयास किया लेकिन अपनी टीम की जीत नहीं दिला सके। यू पी पुलिस के गेंदबाज विवेक कुमार ने 43 रन देकर 4 विकेट तथा रोहित भड़ाना व कप्तान मंजीत सिंह ने क्रमशः 7 व 28 रन देकर 2-2 विकेट लिये।

यू पी पुलिस टीम के बल्लेबाज चैतन्य गहलोत द्वारा शानदार 50 रन बनाने पर उसे मैन आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं निरीक्षक विश्व जीत सिंह की कोचिंग व दिशा निर्देशन में पिछले 5 माह में यू पी पुलिस द्वारा पांचवे टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम किया है तथा एक टूनार्मेंट में उप विजेता रहे हैं।




# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय उर्मिला रानी को श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर आर्य समाज मंदिर में स्वर्गीय उर्मिला रानी की शोक सभा आयोजित की गई। उर्मिला रानी का निधन 26 अक्टूबर को हो गया था। गुरूवार को राजनगर स्थित आर्य समाज मंदिर में उनकी शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय उर्मिला रानी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। परिवर की ओर से पुत्र पवन मैनी, राजेश मैनी, पुत्रवधू रजनी मैनी, मीनू मैनी, पुत्री नीलम राय वधावन, दामाद गुणवंत राय वधावन, पौत्र उत्कर्ष मैनी, मनन मैनी मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में अवैध निर्माण पर प्राधिकरण का बुलडोजर, 40,000 वर्गमीटर जमीन हुई मुक्त

**नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तुगलपुर के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। इस इलाके में कुछ कॉलोनाइजर अवैध रूप से कॉलोनी बनाने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण ने मौके पर बुलडोजर चलाकर करीब 40,000 वर्गमीटर जमीन को मुक्त कराया और उसे अपनी संपत्ति में वापस ले लिया।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर, प्राधिकरण की परियोजना और भूलेख विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से यह कार्रवाई की। तुगलपुर के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने स्पष्ट चेतावनी दी कि प्राधिकृत क्षेत्रों में बिना अनुमति और बिना नक्शा पास कराए किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से पूरी जानकारी हासिल करें, ताकि वे कॉलोनाइजरों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई न गंवाएं।

प्राधिकरण के ओएसडी भूलेख रामनयन सिंह ने बताया कि तुगलपुर के डूब क्षेत्र में खसरा नंबर 703 समेत अन्य क्षेत्रों में कॉलोनाइजर अवैध रूप से कॉलोनी बनाने की कोशिश कर रहे थे। एनजीटी के स्पष्ट निर्देश हैं कि डूब क्षेत्र में कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता। प्राधिकरण ने पहले ही अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन जब कोई असर नहीं हुआ तो गुरुवार को यह कार्रवाई की गई। ओएसडी और प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में, वर्क सर्किल-4 के राजेश कुमार निम और उनकी टीम ने वरिष्ठ प्रबंधकों नागेंद्र सिंह और नरोत्तम सिंह की मदद से अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस अभियान में सात जेसीबी और तीन डंपर का इस्तेमाल किया गया। ओएसडी ने कॉलोनाइजरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि डूब क्षेत्र या प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण की सख्त सजा दी जाएगी, जिसमें ध्वस्तीकरण के अलावा कड़ी कानूनी कार्रवाई भी शामिल होगी।

# इंदिरापुरम के वार्ड 81 में जोरों पर चल रहा विकास कार्य





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 81 में पानी, सीवर, सड़क, प्रकाश और नाले जैसे विकास कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है, जो बुनियादी ढांचे में सुधार की एक सकारात्मक पहल है। यह कार्य क्षेत्र की सुविधाओं को बेहतर बनाने और निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए किया जा रहा है। पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि सड़क, नल, सीवर, पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रकाश व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे वार्ड के निवासियों को रात में भी सुरक्षित रूप से आवागमन करने में कोई परेशानी न हो।



पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि वार्ड में विकास कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही वार्ड के सभी हिस्सों में विकास कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्ड के निवासी उनकी इस पहल से बहुत खुश हैं और उनका समर्थन भी मिल रहा है। उन्होंने ने बताया कि उनका उद्देश्य वार्ड को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है, जिससे यहां के निवासी को सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि वह वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं और उनकी कोशिश है कि वार्ड के सभी हिस्सों में विकास कार्य तेजी से चलता रहे। वही बुनियादी ढांचा पानी और सीवेज के काम से जल निकासी और स्वच्छता में सुधार होगा। बेहतर सड़कें और स्ट्रीट लाइटें परिवहन को आसान बनाएंगी और सुरक्षा बढ़ाएंगी। नालों की सफाई और रखरखाव से जलजमाव और बीमारियों को रोका जा सकेगा। यह विकास कार्य क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देगा और निवासियों के लिए एक बेहतर वातावरण प्रदान करेगा।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष पुनरीक्षण पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन पर दी गई जानकारी, सुझाव और आपत्तियां मांगी गईं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और सीपीआई (एम) के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि आयोग के निदेशानुसार प्रत्येक 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का सम्भाजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्रवार ऐसे सभी मतदेय स्थलों का चयन कर लिया गया है जिनका सम्भाजन प्रस्तावित है। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि यदि प्रस्तावित मतदेय स्थलों की सूची पर कोई सुझाव या आपत्ति हो, तो उसे लिखित रूप में कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से की जा सके।

# राज्य परियोजना की टीम ने किया मीना मंच का औचक निरीक्षण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से गुरुवार को इंजी. नादिर द्वारा जनपद गाजियाबाद के मॉडल मीना मंच हेतु चयनित चार विद्यालयों पी.एम.श्री विद्यालय मोरटी, कंपोजिट विद्यालय असालतनगर, कंपोजिट विद्यालय रजापुर 2, कंपोजिट विद्यालय गांधीनगर में संचालित मीना मंच का औचक निरीक्षण किया गया। साथ में कुणाल मुदगल (जिला समन्वयक बालिका), शिक्षा पूनम शर्मा (जनपद जेंडर नोडल) की उपस्थिति रही। आगंतुकों का स्वागत बच्चों के द्वारा बनाए गए पुष्प गुच्छों द्वारा किया गया।

इंजी. नादिर द्वारा पावर एंजेल और मीना मंच के सदस्यों के कार्यों की जानकारी ली गई। मीना मंच के सदस्यों की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। मुख्य रूप से वातार्लाप का केंद्र बिंदु परियोजना द्वारा निर्मित आधा फुल कॉमिक बुक्स, उनकी कहानियों, पात्रों व कहानियों के मुख्य संदेश पर रहा, जैसे जेंडर स्टीरियोटाइप, लड़का-लड़की दोनों बराबर, बॉडी शेमिंग आदि।

## प्रत्येक विद्यालय के मीना मंच में कुछ ना कुछ विशेष रहा

**करंट क्राइम।** बच्चों ने कहानियों को अपने शब्दों में उचित उतार-चढ़ाव एवं हाव-भाव के साथ वर्णन किया, जिससे प्रतीत होता है कि बच्चों द्वारा इन कहानियां के सार को आत्मसात किया गया है। बच्चों के द्वारा किए गए क्राफ्ट कार्य को भी सराहा गया। प्रत्येक विद्यालय के मीना मंच में कुछ ना कुछ विशेष रहा जैसे कहीं इको क्लब की उन्नत गतिविधियां तो कहीं कला और विज्ञान के क्षेत्र में। इंजी. नादिर द्वारा सभी विद्यालयों को मॉडल मीना मंच बनाने हेतु मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक जेंडर नोडल रेनू चौधरी, नीतू चौधरी एवं अंजू सैनी तथा समस्त विद्यालयों के स्टाफ की उपस्थिति रही।

# जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक संपन्न

## 2026-27 में होने वाले वृक्षारोपण के लिए अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करें संबंधित विभाग : अभिनव गोपाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक महात्मा गांधी सभागार, गाजियाबाद में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आहूत की गयी। इस बैठक मे प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद तथा समितियों के नामित एवं पदेन सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अध्यक्ष द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक मे सभी कार्यदायी विभागों को निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी के कार्यालय आदेश के क्रम में अर्न्तविभागीय सत्यापन शीघ्र पूर्ण करा लिया जाये। साथ ही अध्यक्ष द्वारा अगामी मानसून सत्र 2026-27 में होने वाले वृक्षारोपण हेतु अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर भूमि का चिन्हांकन करने हेतु निर्देशित किया गया।

## हिंडन यात्रा में वृक्षारोपण का दिया जायेगा सन्देश : सीडीओ

**करंट क्राइम।** जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक करते हुए हिण्डन के पुनरुद्धार के लिए वृहद वृक्षारोपण, नालों पर स्क्रीनिंग, संबंधित निकायों द्वारा समय समय पर हिण्डन नदी में गिरने वाले नालों का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त विभागों को हिण्डन यात्रा निकाले जाने के बारे में भी अवगत कराया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस मे हिण्डन के पुनरुद्धार हेतु जागरूकता एवं तट के किनारे वृहद मात्रा में वृक्षारोपण करना होगा। समीर एप पर खेद प्रकट करते हुये निर्देशित किया गया समस्त विभाग अपने नोडल नामित करे जिसकी सूचना प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड को उपलब्ध करायी जाये और प्रत्येक दशा में अगले 02 दिन में में सभी शिकायते निस्तारित की जाये। सभी विभागों को तथ्यात्मक रिपोर्ट देने हेतु जिसमे फोटोग्राफ तथा जी०पी०एस० रीडिंग देने हेतु निर्देशित किया गया।

## 'पर्यावरण मानक के अनुरूप कार्य न करने वाली संस्थाओं पर जुर्माना लगाया जाये'

**करंट क्राइम।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक से सम्बन्धित एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा के दौरान पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया गया कि डस्ट कंट्रोल एप पर निर्माणधीन परियोजनाओं का ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण करायें तथा मानक के अनुरूप कार्य न करने वाली संस्थाओं पर जुर्माना लगाया जाये। वर्तमान में जनपद गाजियाबाद में ग्रैप स्टेज-02 लागू होने के कारण सभी विभागों को इस हेतु कड़े कदम उठाने हेतु निर्देषित किया गया ताकि वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। ग्रैप स्टेज-02 के सभी नियमों का अक्षरश: पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# राजनगर एक्सटेंशन में सड़कों के निर्माण कार्य में लाई जा रही है गति, वर्षों से रुके निर्माण कार्य कराये जा रहे शुरू





## - अग्रवाल हाइट्स से भट्टा नंबर-5 तक बनने वाली सड़क का कार्य वर्षों बाद पुन: पटरी पर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में लम्बे समय से लंबित पड़ी सड़क निर्माण परियोजना को पुनः गति प्रदान की जा रही है। अग्रवाल हाइट्स से भट्टा नंबर-5 को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क, जिसका कार्य कई वर्षों से बाधित था, अब पुनः प्रारम्भ हो गया है और तेजी से प्रगति पर है।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल द्वारा विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के निर्देशों के क्रम में प्राधिकरण के निर्माण अनुभाग ने सड़क निर्माण हेतु एलाइनमेंट के अंतर्गत आने वाली भूमि को खाली कराने तथा डिमार्केशन की कार्यवाही तेज कर दी है।

गुरुवार को प्राधिकरण के सिविल अभियंत्रण एवं भू-अर्जन अनुभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुँचकर सड़क निर्माण हेतु भूमि को चिह्नित करते हुए डिमार्केशन किया गया। साथ ही, निर्धारित एलाइनमेंट में आने वाले अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही भी प्रारम्भ कर दी गई है। अधिकारियों द्वारा स्थानीय लोगों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि प्रस्तावित सड़क की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा और विकास कार्यों में बाधा डालने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।

इस सड़क के निर्माण से राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ यातायात दबाव में कमी आएगी तथा क्षेत्रवासी विकास का सीधा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाई अगर साथ हैं तो फिर पूरा जग जीता जा सकता है। समाजवादी नेता मनोज पंडित ने अपने दोनों भाइयों के साथ भाई के रिश्ते की महिमा को बहुत ही खूबसूरत शब्दों में परिभाषित किया। मनोज पंडित, हरीश पंडित, भूषण पंडित की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिका के 'केजरीवाल' कहे जा रहे हैं ममदानी मेयर बनने से कम नहीं होगी आप्रवासियों की समस्या

**वाशिंगटन।** जोहरान मामदानी न्यूयॉर्क के मेयर बनने के लिए चुने जा चुके हैं। उन्हें चुने जाने में सबसे बड़ी भूमिका अमेरिका के अश्वेत (55 प्रतिशत) और एशियन (51 प्रतिशत) लोगों ने निभाई है। ममदानी का जादू सबसे ज्यादा जेन जी के बीच चला है जिसमें 15 से 29 वर्ष के बीच के 78 प्रतिशत युवाओं ने उन्हें वोट दिया है। ममदानी की जीत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों के खिलाफ सबसे बड़ा जनमत संग्रह कहा जा रहा है।





ममदानी अप्रवासी लोगों के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। अप्रवासियों को लग रहा है कि ममदानी के चुने जाने से उनके अमेरिका से बाहर होने का खतरा टल गया है। लेकिन इन सबसे अलग जोहरान ममदानी को अमेरिका का 'केजरीवाल' भी कहा जा रहा है क्योंकि उन्होंने चुनाव जीतने के लिए उसी 'फ्रीबीज योजनाओं' पर भरोसा किया है जो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनाई थी।

जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने पर बसों में यात्रा मुफ्त करने का वादा किया था। उन्होंने न्यूयॉर्क में अगले चार साल तक घरों का किराया न बढ़ाने का नियम लागू करने का वादा किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि वे सरकारी पैसों से दो लाख मकान बनाकर गरीबों को देंगे और लोगों को सस्ता राशन उपलब्ध कराने के लिए सस्ती राशन की दुकानें खोलेंगे। ममदानी का ये दांव मध्य वर्ग के लोगों और आप्रवासियों पर सबसे ज्यादा चला और उन्होंने भरपूर वोट देकर ममदानी को न्यूयॉर्क का दक्षिण एशियाई मूल का पहला मुस्लिम मेयर बनाने का रास्ता साफ कर दिया। ठीक इसी तरीके से अरविंद केजरीवाल ने मुफ्त बिजली-पानी की घोषणा कर दिल्ली का चुनाव जीता था।

### न्यूयॉर्क का कुल बजट, खर्च और वादे

न्यूयॉर्क ने 2026 के लिए 115.9 बिलियन डॉलर का बजट निर्धारित किया है। न्यूयॉर्क को इस बजट का सबसे अधिक हिस्सा प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन, टैक्स और अन्य माध्यमों से आता है। वह अपना पैसा सबसे ज्यादा सार्वजनिक परिवहन प्रणाली, शिक्षा और साफ-सफाई पर खर्च करता है। लेकिन ममदानी ने जिस तरह मुफ्त की घोषणाएं की हैं, उससे यदि इस बजट से मुफ्त की घोषणाएं पूरी की जाती हैं तो इससे शहर की शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और साफ-सफाई की व्यवस्था पर संकट आ सकता है।

### अव्यवस्था की ओर बढ़ सकता है न्यूयॉर्क : विशेषज्ञ

दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. राजकुमार फलवारिया ने अमर उजाला से कहा कि जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने के लिए न्यूयॉर्क शहर के पूरे बजट से कई गुना अधिक की घोषणाएं कर दी हैं। इससे वे अरविंद केजरीवाल के मॉडल पर चुनाव जीत तो गए हैं, लेकिन उनका अंत भी केजरीवाल की तरह ही हो सकता है क्योंकि वे अपने वादों को पूरा कर पाएंगे, इसकी संभावना बहुत कम है। न्यूयॉर्क का बजट बढ़ाने की उनकी सीमाएं भी बहुत सीमित हैं।

लेकिन ममदानी के लिए अपने वादों पर खरा उतरना आसान नहीं होगा। न्यूयॉर्क शहर का बजट इतना नहीं है कि वे इससे अपने सभी वादों को पूरा कर सकें। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार यानी डोनाल्ड ट्रंप पर निर्भर रहना होगा। लेकिन ममदानी को एक संकट बता चुके ट्रंप उनकी कोई मदद करेंगे, इसकी संभावना कम ही है। चुनाव के दौरान ही उन्होंने धमकी दी थी कि यदि ममदानी मेयर बनते हैं तो वे न्यूयॉर्क शहर का बजट रोक देंगे। वैसे भी पहले ही अमेरिकी कांग्रेस से बजट पास न कराने के कारण पूरे देश में शटडाउन लागू करने के लिए मजबूर हुए ट्रंप के पास अतिरिक्त बजट की संभावना बहुत कम ही है।

अपने वादों को पूरा करने के लिए ममदानी के पास अमीरों पर कर बढ़ाने का एक विकल्प है। अमेरिका में भी केंद्र सरकार ही कर एकत्र करती है। शहरी व्यवस्था को चलाने के लिए टैक्स बढ़ाने के उनके विकल्प पूरी तरह खत्म तो नहीं हैं, लेकिन उनके विकल्प सीमित अवश्य हैं। लेकिन इससे वे कितना फंड एकत्र कर पाएंगे, यह कहना मुश्किल है।

## कतर के अमीर से मिले आसिफ अली जरदारी, रक्षा सहयोग बढ़ाने की पेशकश



**करांची।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने बुधवार को दोहा में कतर के अमीर, शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात कर रक्षा और रक्षा उत्पादन के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने की पेशकश की।

यह मुलाकात दोहा में चल रहे दूसरे विश्व सामाजिक विकास शिखर सम्मेलन के दौरान हुई, जिसमें राष्ट्रपति जरदारी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, दोनों नेताओं ने राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जरदारी की रक्षा सहयोग बढ़ाने की पेशकश पर अमीर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की और अधिकारियों को तुरंत बातचीत शुरू करने का निर्देश देने की बात कही। कतर के अमीर ने हाल में हुए पाकिस्तान-सऊदी अरब रक्षा समझौते पर भी संतोष जताया और इसे एक स्वागतयोग्य और समय पर उठाया गया कदम बताया।

उन्होंने पाकिस्तान की अनूठी स्थिति की सराहना की, जो एक साथ चीन, पश्चिम और खाड़ी देशों के साथ रणनीतिक संबंध बनाए रखता है। राष्ट्रपति जरदारी ने गाजा के लिए संघर्ष विराम और मानवीय राहत की वकालत करने में कतर के अमीर के नेतृत्व की प्रशंसा की।

## नेशनल गार्ड्स की तैनाती 28 फरवरी तक बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड्स की तैनाती फरवरी के आखिर तक बढ़ा दी गई है। 4 नवंबर के औपचारिक आदेश में 11 अगस्त के मूल आदेश को बढ़ाया गया है और कहा गया है कि गार्ड्स के सदस्य कम से कम 28 फरवरी तक शहर में रहेंगे।



आदेश में कहा गया है कि यह अतिरिक्त तैनाती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अगस्त में घोषित इमरजेंसी के जवाब में और कोलंबिया जिले में संघीय संपत्ति और कामों की रक्षा करने के बढ़ाई गई है।

अगस्त में ट्रंप ने एक अपराध-विरोधी मिशन शुरू किया था जिसमें स्थानीय पुलिस विभाग का संघीय अधिग्रहण भी शामिल था। इसके तहत सैकड़ों नेशनल गार्ड्स सैनिकों को वॉशिंगटन में तैनात किया गया। वह आदेश सितंबर में समाप्त हो गया था, लेकिन उ्ळ और कम से कम आठ राज्यों के लगभग 2,000 नेशनल गार्ड्स सैनिक शहर में बने हुए हैं, जिनमें से अधिकांश टुकड़ियों का कहना है कि वे नवंबर के अंत तक वापस चले जाएंगे।

कुछ सैनिक हथियारबंद हैं और सार्वजनिक स्थानों पर, खासकर शहर के आसपास के संघीय पार्कों और सबवे स्टेशनों के साथ-साथ एमट्रैक ट्रेन स्टेशन पर सैन्य उपस्थिति बनाए हुए हैं।

## हेलेन गार्नर को बैली गिफर्ड नॉन-फिक्शन पुरस्कार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई लेखिका हेलेन गार्नर को उनकी किताब हाउ टू एंड अ स्टोरी के लिए प्रतिष्ठित बैली गिफर्ड नॉन-फिक्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 82 वर्षीय गार्नर को पुरस्कार राशि 65 लाख रुयये लंदन समारोह में दी गई। जूरी अध्यक्ष रॉबी मिलन ने बताया कि छह सदस्यों की समिति ने गार्नर को सर्वसम्मति से विजेता चुना। उनकी डायरी आधारित पुस्तक को उसकी ईमानदार अभिव्यक्ति और गहरी आत्मविश्लेषी शैली के लिए सराहा गया।

## भारत के राजदूत ने बेलारूस राष्ट्रपति से व्यापारिक सहयोग पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** बेलारूस में भारत के राजदूत अशोक कुमार ने मंगलवार को राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। भारतीय दूतावास के अनुसार, बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं विशेषकर आर्थिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों पर जोर दिया गया। इससे पहले 27-28 अक्तूबर को भारत-बेलारूस के बीच आठवें दौर की विदेश मंत्रालय स्तरीय वार्ता मिंस्क में हुई थी, इसकी सह-अध्यक्षता भारत के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और बेलारूस के उप विदेश मंत्री एवगेनी शेस्ताकोव ने की थी।

## अमेरिकी गवर्नर ने भारतीय समुदाय के साथ मनाई दिवाली

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ अर्कांसस की गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स और सैन एंटोनियो की मेयर जीना ऑर्टिज जोन्स ने अलग-अलग समारोहों में दिवाली मनाई। गवर्नर सैंडर्स ने चार नवंबर को लिटिल रॉक स्थित गवर्नर हाउस में कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें भारत के ह्यूस्टन स्थित कॉन्सुल जनरल डी. सी. मंजीनाथ और समुदाय के कई सदस्य शामिल हुए। सैंडर्स ने कहा कि दिवाली जैसे त्योहार विविध पृष्ठभूमियों के लोगों को जोड़ते हैं।

## ट्रंप सरकार में रद्द हो रहे बिजनेस ट्रिप के लिए पहुंचने वालों के वीजा

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में गैर-अप्रवासियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, इसमें बड़े पैमाने पर वीजा रद्द करना और देश से निकाला जाना शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने मात्र 10 महीने में करीब 80 हजार लोगों के वीजा रद्द किए हैं।

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की तरफ से जनवरी महीने से लेकर अब तक करीब 80000 गैर-अप्रवासी वीजा रद्द किए हैं। यह जानकारी एक वरिष्ठ अमेरिकी विदेश विभाग अधिकारी ने दी। इन वीजा को रद्द करने की वजहें कई तरह की रहीं, शराब पीकर गाड़ी चलाना (डीयूआई), मारपीट और चोरी जैसी आपराधिक गतिविधियां प्रमुख कारण रहीं। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 16000 वीजा डीयूआई मामलों, 12000 मारपीट, और लगभग 8000 चोरी के मामलों में रद्द किए गए।

यह कदम ट्रंप प्रशासन की सख्त अप्रवासन नीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत न केवल अवैध प्रवासियों को देश से निकाला गया, बल्कि वैध वीजा धारकों के खिलाफ भी कार्रवाई बढ़ाई गई। विदेश विभाग के अधिकारी के मुताबिक, डीयूआई, मारपीट और चोरी जैसे अपराधों ने कुल रद्द वीजाओं का लगभग आधा हिस्सा बनाया।

## बांग्लादेश में चुनाव प्रचार की शुरूआत में हिंसा: कई जगहों पर हमले और आगजनी, बीएनपी उम्मीदवार को मारी गोली

**ढाका।** बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत के साथ ही कई जगहों पर हिंसा भड़क उठी है। इस दौरान चिटगांव में विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार एरशाद उल्लाह को गोली लगने से घायल हो गए हैं, जबकि कुमिल्ला जिले में उपद्रवियों ने एक अन्य उम्मीदवार के घर में आग लगा दी।



2024 के जुलाई महीने में भड़की हिंसा और अगस्त में हसीना सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश में अस्थिरता का माहौल है।

### अंतरिम सरकार ने घटनाओं की कड़ी निंदा की

वहीं अंतरिम सरकार ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि बीएनपी उम्मीदवार एरशाद उल्लाह इस हमले के मुख्य निशाने पर नहीं थे, बल्कि एक भटकी हुई गोली से घायल हो गए। सरकार ने बयान जारी कर कहा, 'हम इस आपराधिक घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और सभी उम्मीदवारों व नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चिटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस (सीएमपी) को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ताकि अपराधियों को जल्द पकड़ा जा सके।'

### सुरक्षा एजेंसियों को आरोपियों को पकड़ने का आदेश जारी

मुख्य सलाहकार ने सुरक्षा एजेंसियों को आदेश दिया है कि दोषियों को हर हाल में पकड़कर न्याय के दायरे में लाया जाए। उन्होंने कहा, 'हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति बांग्लादेश की सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।'

सरकार ने सभी राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और चुनावी प्रक्रिया को सम्मानजनक और शांतिपूर्ण बनाएं। बयान में कहा गया, 'सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि फरवरी का आम चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय और उत्सव जैसा माहौल लिए हो।'

## इस्लामी उपदेशक जाकिर के बांग्लादेश में प्रवेश पर रोक

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के विवादित इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका में प्रवेश की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। सरकार ने यह निर्णय भारत के कड़े विरोध के बाद लिया है, जिसमें भारत में जाकिर नाइक को वांछित घोषित होने की दलील दी गई थी।

अंतरिम सरकार ने कानून-व्यवस्था कोर कमेटी की बैठक में विवादित इस्लामी उपदेशक को प्रवेश न देने का फैसला लिया। सूत्रों के हवाले से, दैनिक समाचार पत्र प्रोथोम अलो ने बताया कि बैठक में जाकिर नाइक की संभावित यात्रा पर चर्चा हुई।

इसमें कहा गया, यदि जाकिर नाइक बांग्लादेश आते हैं, तो वहां भारी भीड़ होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में कानून प्रवर्तन कर्मियों की आवश्यकता होगी।

## लंदन में दो कैदियों को गलती से किया रिहा



**लंदन।** ब्रिटेन में एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। लंदन की वैंड्सवर्थ जेल से दो कैदियों को गलती से रिहा कर दिया गया। पुलिस अब दोनों की तलाश में जुटी है। यह वही जेल है जहाँ पिछले साल एक कैदी खाने की गाड़ी के नीचे लटककर भाग गया था।

लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय ब्राहिम कद्दूर-शरीफ को 29 अक्टूबर को गलती से रिहा कर दिया गया।

वह अल्जीरिया का नागरिक है और चोरी की नीयत से घुसपैठ के आरोप में सजा काट रहा था। पुलिस ने बताया कि वह यौन अपराधी के रूप में भी पंजीकृत है और कई नामों का इस्तेमाल करता है।

वहीं, सरे पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय विलियम स्मिथ को सोमवार को धोखाधड़ी के कई मामलों में 45 महीने की सजा सुनाई गई थी, लेकिन उसी दिन गलती से रिहा कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि स्मिथ के वोकिंग इलाके से संबंध हैं। इन घटनाओं से ब्रिटेन की जेल व्यवस्था पर सवाल उठ गए हैं।

हाल ही में नई लेबर पार्टी सरकार ने सख्त निगरानी प्रणाली लागू की थी, लेकिन यह चूक उसके लिए बड़ी शर्मिंदगी का कारण बन गई है।

## फिलीपींस में तूफान कल्मेगी का कहर

### 114 पहुंचा मृतकों का आंकड़ा, राष्ट्रपति ने आपातकाल घोषित किया

**मनीला।** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को देश में आपातकाल की घोषणा की। दरअसल, यहां शक्तिशाली तूफान कल्मेगी की चपेट में आकर कम से कम 241 लोगों की मौत हुई है या वे लापता हो गए हैं। इस तरह से यह इस वर्ष देश में अब तक की सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा है।



अधिकारियों के मुताबिक, तूफान से अब तक 114 लोगों की मौत हो चुकी है, ज्यादातर की मौत अचानक आई बाढ़ में डूबने से हुई। वहीं, 127 लोग लापता हैं। इनमें से अधिकतर मध्य प्रांत सेबू में हैं, जो सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। कल्मेगी के चलते लगभग 20 लाख लोग प्रभावित हुए और 5.6 लाख से अधिक ग्रामीणों को विस्थापित होना पड़ा।

इनमें से करीब 4.5 लाख लोगों को आपातकालीन शिविरों में शरण दी गई है।

राष्ट्रपति मार्कोस ने आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान आपातकाल की घोषणा की। इससे सरकार को आपात राहत कोष के वितरण में तेजी लाने और खाद्य सामग्री के जमाखोरी या कीमतों के बढ़ने पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

अधिकारियों के मुताबिक, तूफान से अब तक 114 लोगों की मौत हो चुकी है, ज्यादातर की मौत अचानक आई बाढ़ में डूबने से हुई। वहीं, 127 लोग लापता हैं।

## सोमालिया के तट पर भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहे जहाज पर हुआ कब्जा, समुद्री डाकुओं पर शक

**सोमालिया।** गुरुवार को सोमालिया के तट के पास मशीन गन और रॉकेट प्रोपेल्ड गन से लैस हमलावरों ने एक जहाज पर हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहा था। माना जा रहा है कि सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने इस हमले को अंजाम दिया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने इस हमले को लेकर अलर्ट जारी किया और इलाके में मौजूद जहाजों को चेतावनी दी।



पिछले एक साल में सोमाली समुद्री डाकुओं के हमलों में तेजी आई है। इसकी वजह लाल सागर में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमलों से पैदा हुई अव्यवस्था को माना जा रहा है।

### ईरान की एक नौका पर भी कब्जा किया

प्राइवेट सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने भी जहाज पर हमले की जानकारी दी। एम्ब्रे ने कहा कि यह हमला भारत के सिक्का से दक्षिण अफ्रीका के डरबन जा रहे माल्टा के झंडे वाले एक टैंकर पर किया गया। एम्ब्रे ने आगे कहा कि यह सोमाली समुद्री डाकुओं का हमला लग रहा है, जिनके बारे में हाल के दिनों में इस इलाके में सक्रिय होने की खबरें आई हैं। इससे पहले सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने कथित तौर पर एक ईरानी मछली पकड़ने वाली नौका पर भी कब्जा कर लिया था। हालांकि ईरान की सरकार की तरफ से नाव पर कब्जे की बात स्वीकार नहीं की गई है।

### 2011 में चरम पर था सोमालिया के समुद्री डाकुओं का आतंक

सोमालिया के तट के पास समुद्री डकैती 2011 में अपने चरम पर थी, जब विभिन्न जहाजों पर हमलों की 237 घटनाएं दर्ज की गईं थी। ओशन्स बियॉन्ड पाइरेसी मॉनिटरिंग ग्रुप के अनुसार, उस समय इस क्षेत्र में सोमाली समुद्री डकैती से दुनिया की अर्थव्यवस्था को लगभग 7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था, जिसमें 1.6 करोड़ डॉलर फिरौती के तौर पर दिए गए थे। हालांकि बाद में बढ़ी हुई अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक गश्त, सोमालिया में मजबूत होती केंद्र सरकार और अन्य प्रयासों से यह खतरा कम हो गया था।


पिछले साल से फिर आई जहाज पर हमलों की घटनाओं में तेजी

हालांकि, पिछले एक साल में सोमाली समुद्री डाकुओं के हमलों में तेजी आई है। इसकी वजह लाल सागर में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमलों से पैदा हुई अव्यवस्था को माना जा रहा है। इंटरनेशनल मैरीटाइम ब्यूरो के अनुसार, 2024 में सोमालिया के तट के पास जहाजों पर हमलों की सात घटनाएं दर्ज की गईं हैं। इस साल अब तक सोमाली समुद्री डाकुओं ने कई मछली पकड़ने वाली नावों पर कब्जा कर लिया है।

## जेलेंस्की ने ऊर्जा ढांचों को बनाया युद्ध का मोर्चा

### रूस की तेल रिफाइनरी पर किया बड़ा हमला

**कीव।** यूक्रेन ने दावा किया है कि उसके लंबी दूरी के ड्रोन ने रूस के वोल्गोग्राद क्षेत्र की एक बड़ी तेल रिफाइनरी पर हमला किया। यह रिफाइनरी रूस की प्रमुख ऊर्जा इकाई है। यूक्रेन का कहना है कि ऐसे हमले रूस की तेल आय को कम करने के लिए किए जा रहे हैं।



कई कोशिशों के बावजूद रूस यूक्रेन के बीच की जंग अभी रुक नहीं पाई है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। हालांकि धीरे-धीरे रणनीति जरूर बदल रही है। शुरूआत में दोनों देश लगभग खाली और ऊंची बिल्डिंगो को निशाना बना रहे थे। फिर लोगों को निशाना बनाना शुरू किया। वहीं, अब रणनीति में बदलाव कर दोनों देशों ने उर्जा ढांचों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में यूक्रेन ने बुधवार को रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी पर भीषण ड्रोन हमला कर दिया।

यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि उसने रूस के वोल्गोग्राद क्षेत्र की एक प्रमुख तेल रिफाइनरी पर लंबी दूरी के ड्रोन से हमला किया है। यह रिफाइनरी तीन महीनों में दूसरी बार निशाने पर आई है। फिलहाल रूसी अधिकारियों ने हमले की पुष्टि नहीं की है, लेकिन क्षेत्रीय गवर्नर ने कहा कि ड्रोन हमले से एक औद्योगिक परिसर में आग लगी।

### ऊर्जा ढांचों को क्यों बनाया जा रहा निशाना?

वहीं, यूक्रेनी सेना ने बताया कि यह हमला बुधवार को किया गया था। यह रिफाइनरी रूस के दक्षिणी संघीय जिले की सबसे बड़ी ईंधन और लुब्रिकेंट उत्पादक इकाई है। यहां हर साल 1.5 करोड़ टन से अधिक कच्चे तेल का प्रसंस्करण होता है, जो रूस की कुल क्षमता का करीब 5.6 प्रतिशत है। विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे हमलों का उद्देश्य रूस की तेल आय को कम करना है, जिससे वह युद्ध के लिए धन जुटा न सके।

पिछले कई महीनों से रूस और यूक्रेन एक-दूसरे के ऊर्जा ढांचे को लगातार निशाना बना रहे हैं। अमेरिका की मध्यस्थता से शांति की कोशिशों के बावजूद युद्धक्षेत्र में हालात नहीं सुधर रहे। यूक्रेन के ये ड्रोन हमले रूस के तेल निर्यात को बाधित करने के लिए किए जा रहे हैं। वहीं, रूस यूक्रेन की बिजली व्यवस्था को तबाह करने की कोशिश में है, ताकि सर्दियों में लोगों के पास बिजली, पानी और हीटिंग की सुविधा न रहे। यूक्रेन ने इस रणनीति को सर्दी को हथियार बनाना बताया है।

### पुतिन के सैनिकों ने किया पलटवार

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को रातभर में 75 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। वहीं, कोस्त्रोमा क्षेत्र के गवर्नर ने बताया कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने वहां की ऊर्जा संरचना को नुकसान पहुंचाया, लेकिन बिजली आपूर्ति बाधित नहीं हुई। रूस ने जवाबी हमलों में यूक्रेन के ड्निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र के कामियांस्के शहर पर हमला किया, जिसमें आठ लोग घायल हुए। कई इमारतों में आग लगी और रेलवे नेटवर्क पर असर पड़ा। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने गुरुवार रात 135 ड्रोन से हमला किया था।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था) | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# मधुबन में जे.पी. नड्डा की जनसभा विकास और सुशासन पर दिया जोर

## यूपी के मंत्री नरेंद्र कश्यप बोले : जीत एनडीए की तय है





**(मधुबन/बिहार)।** बिहार विधानसभा चुनाव के तहत भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मधुबन विधानसभा क्षेत्र के गौशाला मैदान में भव्य जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी राणा रणधीर सिंह के समर्थन में आयोजित इस सभा में उमड़ी अपार भीड़ और कार्यकर्ताओं का उत्साह इस बात का संकेत था कि मधुबन एक बार फिर विकास और सुशासन के पक्ष में खड़ा है। जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि मधुबन जीतेगा, भाजपा जीतेगी और विकास का डंका बजेगा। उन्होंने केंद्र व राज्य की एनडीए सरकारों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा बिहार को प्रगति की नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सभा में सांसद राजकुमार चाहर, सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद रमा देवी सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नरेंद्र कश्यप बोले – भाजपा जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी जनसभा में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए बिहार से गरीबी और अपराध को समाप्त करने के लिए लगातार कार्यरत हैं। एनडीए सरकार की योजनाओं ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है – यही विश्वास हमारी जीत का आधार बनेगा।

## सांसद खेल महोत्सव की प्रतियोगिताएँ अब 15 नवम्बर को होंगी : पप्पू पहलवान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने बताया कि मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के रावली कला गांव में दिनांक 9 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाली सांसद खेल महोत्सव की प्रतियोगिताएँ अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि अब यह आयोजन दिनांक 15 नवम्बर 2025 को प्रातः 9 बजे उसी स्थान रावली कला, मुरादनगर में किया जाएगा। पप्पू पहलवान ने प्रतिभागियों एवं ग्रामीणों से हुई असुविधा पर खेद जताते हुए कहा कि, कार्यक्रम को और बेहतर तैयारी के साथ अगले सप्ताह आयोजित किया जाएगा ताकि सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट मंच मिल सके।

# गाजियाबाद के आयुष चौधरी ने रचा नया इतिहास यूपी अंडर-23 क्रिकेट टीम में हुआ चयन

### सालों की मेहनत और समर्पण ने दिलाई सफलता, जयपुर में दिखेगा गाजियाबाद का दम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के उभरते क्रिकेटर आयुष चौधरी ने अपनी लगन और निरंतर मेहनत से बड़ा मुकाम हासिल किया है। उनका चयन उत्तर प्रदेश अंडर-23 क्रिकेट टीम में हुआ है। अब वे जयपुर में होने वाले अंडर-23 टूनार्मेंट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। संजय नगर निवासी आयुष चौधरी ने क्रिकेट की बुनियादी शिक्षा राजनगर स्थित विनस क्रिकेट अकादमी में कोच अभिषेक चौधरी (जॉली) के निर्देशन में प्राप्त की। लगातार 10 वर्षों की कठिन मेहनत और अनुशासित अभ्यास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया।

आयुष ने यूपी अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-19 के कैंपों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्होंने अंडर-23 ट्रायल मैच में 6 विकेट झटककर चयनकताओं को प्रभावित किया। उनकी सटीक लाइन-लेंथ और लगातार बेहतर प्रदर्शन के दम पर उन्हें यूपी टीम में स्थान मिला। आयुष के पिता संजीव चौधरी ने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह गाजियाबाद के लिए गर्व का क्षण है।

उन्होंने कहा कि आयुष की सफलता से शहर के अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कोच अभिषेक चौधरी (जॉली) ने बताया कि, आयुष बेहद मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी है। उसने हर अभ्यास सत्र को पूरे समर्पण के साथ निभाया है। उसका चयन इस बात का प्रमाण है कि मेहनत और लगन कभी व्यर्थ नहीं जाती।

## उठते सवालों का करंट




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं था एक शादी समारोह वाले कार्यक्रम में मौजूद? वहां पर हो रही थी कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर चर्चाएं आम? चर्चाओं में तेजी से चल रहा था चौधरी साहब और मिस्टर सौलंकी का नाम? अचानक यहां पर किसी बड़े नेता ने लगाये ब्रेक? कहा ये मामला रेखा पार के चेहरे के हाथ में आने वाला है? लिख कर रख लो हम नहीं कर रहे हैं बात फेक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की एक भगवा कमिश्नरी से बाहर आ रही है बात? कहने वाले कह रहे हैं कि इस कमिश्नरी के कमिश्नर की एक मामले में नहीं चली? हमें ऐसा पता चला है साहब? गागर में सागर भरने वाली मैडम का उनकी टीम में आया ऊपर से नाम? इस नाम की एन्ट्री कैसे हुई, इस बात को लेकर थे वो हैरान? कहने वाले ने कहा बिरादरी वाले चेहरे ने किया था रास्ता साफ? इसलिए कमिश्नर को अभी तक नहीं समझ आया ये वाला हिसाब-किताब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जबसे इन्दिरा जी वाले एरिया में खुला है नया कार्यालय? तब से हो रही हैं चर्चाएं जोरदार? सुना है यहां पर वर्तमान और पूर्व वाले दो भगवा कमिश्नर एक साथ बैठकर कर रहे थे इस बारे में विचार? कह रहे थे हमारी समझ से परे हैं यूं कार्यालय का खुल जाना? कहीं इसके पीछे है तो नहीं कोई सोची समझी हुई साजिश का फसाना?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम खड़े थे भगवा योद्धा के खास चेहरे के पास? वो कन्फ्यूज था कि उसे क्या मिलेगा योद्धा की टीम में पता? वो कह रहा था हमें वो कोई पद देंगे या भी नहीं, हमें आज तक नहीं चल रहा है पता? सच बतायें हमने तो आज तक उनके साथ में नहीं की है कोई भी खता? जब वो कोई मुद्दा बताते हैं तो हम उसको ध्यान से सुनते हैं? सुझाव देने तक की आज तक हमने नहीं की है कोई भी खता?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मुराद पूरी करने वाले विधायक देर से ही सही करते हैं अपने खास चेहरों की मुराद पूरी? मगर जब भी हम उनके प्रिय अरोड़ा और क्रान्तिकारी युवा त्यागी की ओर देखते हैं? तो फिर जानना हो जाता है उनके बारे में जरूरी? हम देख रहे हैं वो लंबे समय से कर रहे हैं विधायक जी का झंडा बुलंद? नामित की व्यवस्था मिलेगी या मिलेगा भविष्य में टिकट? इस बात को लेकर रोज दिखाई देता है हमको अक्सर द्वंद्व?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे जिंदल साहब के पारिवारिक कार्यक्रम में? हमें यहां पर दिखाई दे रहा था नमक वाले अग्रवाल जी की धमक का एहसास? जो भी कार्यक्रम में आ रहा था वो दिख रहा था उनका खास? अधिकारी से लेकर विधायक तक उनको दे रहे थे तवज्जों बहुत सारी? कहने वाले ने कहा आज नहीं तो कल गाजियाबाद में जरूर खेलेंगे मिस्टर अग्रवाल नमक लगाकर मजबूत राजनीति की पारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक जी थे लखनऊ? वो मंदिर वाले भंडारे में कुंडलधारी अपने प्रिय चर्तुवेदी के कार्यक्रम में नहीं जा पाये उनके पास? मगर यहां पर योद्धा ने कराया था काफी देर तक अपनी उपस्थिति का एहसास? विधायक के खास चेहरे ने कहा इसमें नहीं है कोई बड़ी बात? कुंडलधारी विधायक जी के पहले भी खास थे? अब भी रहेंगे खास? जिस वक्त कर रहे थे वो उनका इंतजार? उनको नहीं था विधायक जी के लखनऊ होने का एहसास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर और भगवा मास्टर मंदिर में बैठे थे एकसाथ? दोनों कर रहे थे आपस में बहुत सारी बात? कहने वाले ने कहा यहां पर दोनों करा रहे थे एक दूसरे के प्रति मजबूत संबंधों का एहसास? कमांडर ने कहा मास्टर मेरे प्रिय थे, प्रिय हैं और प्रिय रहेंगे? उनसे है मेरा दिल का एहसास? बाकी बातें राजनीति की हैं? हमें संबंधों के बीच में राजनीति को जगह नहीं देते हैं खास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुना है फिर इसके बाद आगे बढ़ी बात? फिर चर्चा में आई मास्टर जी की क्लास की बात? कहने वाले ने कहा एक समय चौधरी, त्यागी थे मास्टर जी की क्लास में शामिल? मगर समय आने पर बदल लिया उन्होंने सब्जेक्ट? मगर उनके प्रिय गुंजन आज भी उनके साथ हैं? ऐसा डाला फिर डालने वालों ने शब्दों का इफैक्ट? फिर किसी ने यहां पर दिया ज्ञान? कराया एहसास कि शर्मा जी भी सिर्फ शारीरिक रूप से उनके साथ हैं? उनकी आत्मा तो कहीं और जुड़ चुकी है श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिंदल जी के पारिवारिक कार्यक्रम में हम देख रहे थे सांवरे सांवरे से सांवरिया जी के सांवरे सांवरे से अंदाज? हम देख रहे थे जिंदल जी से ज्यादा वो कर रहे थे मेहमानों का वेलकम? कुछ करा रहे थे वो इस तरह अपनेपन का एहसास? कहने वाले ने कहा देखकर सांवरिया जी का प्रेम हमने तैयार कर लिया अपने दिल में जिंदल जी और उनकी मोहब्बत का अलग से फ्रेम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने की समीक्षा बैठक और जनसुनवाई

### ❑ 24 शिकायतों पर विभागों को दिए निस्तारण के निर्देश

## मिशन शक्ति केंद्र और जिला कारागार का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को पाया संतोषजनक








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने गुरुवार को गाजियाबाद में अधिकारियों के साथ बैठक कर महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कुल 24 महिलाओं की शिकायतों पर सुनवाई की गई। डॉ. अग्रवाल ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर आख्या महिला आयोग, लखनऊ को प्रेषित की जाए। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों में उन्होंने विभागाध्यक्षों से सीधे वार्ता कर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, एसीपी महिला अपराध, प्रभारी महिला थाना, संरक्षण अधिकारी तथा वन स्टॉप सेंटर यूनिट-1 की प्रबंधक उपस्थित रहे।

**मिशन शक्ति केंद्र महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण :** जनसुनवाई के उपरांत डॉ. हिमानी अग्रवाल ने थाना सिहानी गेट स्थित मिशन शक्ति केंद्र महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों और रिकॉर्ड की जाँच की गई तथा केंद्र की सभी व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सुरक्षा और सहायता से जुड़े सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### महिला आयोग का निर्देश

**करंट क्राइम।** डॉ. अग्रवाल ने कहा कि महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और सहायता सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग से जुड़ी सभी रिपोर्टें समय पर प्रस्तुत की जाएं और किसी भी मामले में देरी न की जाए।

### जिला कारागार गाजियाबाद का निरीक्षण

**करंट क्राइम।** इसके बाद डॉ. अग्रवाल ने जिला कारागार गाजियाबाद का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने महिला सैल, रसोईघर, पुस्तकालय, कंप्यूटर क्लास, ब्यूटी पार्लर व सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। सफाई और अन्य व्यवस्थाएँ ठीक पाई गईं। निरीक्षण के दौरान एसीपी महिला अपराध, जेल अधीक्षक, महिला थाना प्रभारी, संरक्षण अधिकारी और वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक उपस्थित रहीं।

# इंद्रजीत सिंह टीटू को राष्ट्रीय लोकदल ने सौंपी अहम जिम्मेदारी गाजियाबाद में हुआ स्वागत समारोह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौधरी के नेतृत्व में एक स्वागत समारोह आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इंद्रजीत सिंह टीटू के सम्मान में रखा गया, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर पार्टी में बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।

कार्यक्रम की शुरूआत इंद्रजीत सिंह टीटू ने भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की। संचालन प्रदेश महामंत्री रविंद्र चौहान ने किया और अध्यक्षता रेखा चौधरी ने। कार्यालय पहुंचने पर टीटू जी का ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं से उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। नवनियुक्त उपाध्यक्ष को यह दायित्व कमजोर क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने, नए कार्यकताओं को जोड़ने और आने वाले निकाय एवं पंचायत चुनावों में संगठन सुदृढ़ करने के लिए सौंपा गया है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से चौधरी तेजपाल सिंह, विजय कौशिक, रविंद्र चौहान, डॉ. पूनम गर्ग, ओ.डी. त्यागी, भूपेंद्र डबास, किशन राघव, लोकेश चौधरी, राजेंद्र चंदेला, जयदीप सिंह, तुषार कौशिक, तेजवीर दबाना, संजिव अरोड़ा, सुधीर तोमर, तरुण चौधरी, शेर सिंह मौर्य, दीपा सिरोही, प्रदीप त्यागी, मयंक अरोड़ा, वासिद तोमर, वरुण शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इंद्रजीत सिंह टीटू के नेतृत्व में शहरी निकाय क्षेत्रों में पार्टी संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

# निगम की बसों की आय बढ़ाने के लिए चलाया विशेष अभियान अवैध छोटे वाहनों पर अंकुश लगाने पर दिया जोर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशाम्बी उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की आय बढ़ाने और अवैध रूप से चलने वाले छोटे वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय प्रबन्धक के.एन. चौधरी ने बताया कि कौशाम्बी बस स्टेशन और भूड़ चौराहा, बुलन्दशहर पर सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक की देखरेख में ड्यूटी लगाई गई है।

जो अवैध छोटे वाहनों को हटवाकर निगम की बसों में यात्रियों को बैठाने का काम करेंगे। चौधरी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य निगम की आय बढ़ाना और सरकार को मिलने वाले राजस्व की हानि को रोकना है। उन्होंने बताया कि सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ उपाधिकारी/कर्मचारी के साथ अवैध छोटे वाहनों पर कार्रवाई करें और निगम की बसों में यात्रियों को बैठाने का काम करें।

यह अभियान प्रात 5 से 9 बजे तक और सायं 5 से 9 बजे तक चलाया जाएगा। निगम के अधिकारी और कर्मचारी इस अभियान में पूरी तरह से जुट गए हैं और अवैध छोटे वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं।




उन्होंने बताया कि इस तरह अभियान चलाने से परिवहन निगम की बसों की आय तो बढ़ेगी ही साथ ही बस अड्डा के आसपास जाम भी नहीं होगा। बस अड्डे के सामने ही अवैध रूप से छोटे-बड़े वाहन खड़े हो जाते हैं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# यूपीसीए के उपाध्यक्ष बने राकेश मिश्रा

## विनीत शर्मा के नेतृत्व में हुआ स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के नव-निर्वाचित उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा को गुरुवार को सम्मानित किया गया। उनके निर्वाचन पर उन्हें अंगवस्त्र (पटका) पहनाकर और पुष्पगुच्छ (बुक्के) भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। यह सम्मान समारोह उनके नए दायित्व ग्रहण करने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई देते हुए यह आशा व्यक्त की कि मिश्रा जी पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से अपने नए दायित्व का निर्वहन करेंगे। नेताओं और खेल प्रेमियों ने सामूहिक रूप से यह उम्मीद जताई कि राकेश मिश्रा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में क्रिकेट के विकास को एक नई और सकारात्मक दिशा मिलेगी।

**प्रमुख उपस्थिति :** विनीत शर्मा (पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि भाजपा), नीरज त्यागी (मंडल अध्यक्ष), अभिजीत मुखर्जी, आर.सी. शर्मा, परमेंद्र त्रिपाठी, मनीष मित्तल, जे.पी. राणा, श्रीचंद चौहान, संजीव गुप्ता, हरीश राजोरा, राहुल कोरी, अशोक गोयल, मनोज सिंह आदि शामिल थे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

**GAUR HOMES APARTMENT OWNERS ASSOCIATION (Regd.)**
(Formerly Known as Gaur Homes Resident Welfare Association)
Office: B-09, Gaur Homes Society, E-Block, Govindpuram, Ghaziabad-201013
E-mail: gaurhomes2025@gmail.com

**सूचना**
**(निविदा एवं नियुक्तियां)**

गौड़ होम्स सोसाइटी गोविन्दपुरम गाजियाबाद में सिक्योरिटी एवं हाउसकीपिंग के कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।
निविदा डालने वाली कम्पनी को संबंधित कार्य का 10 वर्षों का अनुभव एवं आवश्यक सरकारी / गैर सरकारी लाइसेन्स / सर्टीफिकेट होना अनिवार्य है।
गौड़ होम्स सोसाइटी के दैनिक कार्यों हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है
1. **एस्टेट मैनेजर** योग्यता सोसाइटी में कार्य करने का 10 वर्षों का अनुभव
2. **मेन्टेनेन्स मैनेजर** योग्यता सोसाइटी में कार्य करने का 05 वर्षों का अनुभव
3. **एकाउन्टेन्ट** योग्यता सोसाइटी में कार्य करने का 05 वर्षों का अनुभव
4. **डाटा इन्ट्री** ऑपरेटर योग्यता सोसाइटी में कार्य करने का 02 वर्षों का अनुभव एवं कम्प्यूटर का ज्ञान
(भाग लेने वाली कम्पनी एवं अभ्यार्थी अपना आवेदन दिनांक 12.11.2025 तक सोसाइटी के मेन्टेनेन्स ऑफिस बी-09, गौड़ होम्स सोसाइटी, गोविन्दपुरम में प्रातः 9 बजे से सांय 6 बजे तक जमा कर सकते हैं।)

**For Gaur Homes Apartment Owners Association**